卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ ३ म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 164 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦21 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## हाईकोर्ट की पंजाब सरकार को फटकार

### अमृतपाल सिंह के फरार होने पर कोर्ट पूछा- अस्सी हजार पुलिस वाले क्या कर रहे थे ?



चंडीगढ़/ नई दिल्ली। खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह पंजाब पुलिस की पकड़ से दूर है। वहीं पंजाब सरकार ने हाईकोर्ट को बताया कि अमृतपाल अभी फरार है। इस पर हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकार लगाते हुए पूछा कि 80 हजार पुलिस वाले क्या कर रहे थे? इस पर पंजाब पुलिस ने कोर्ट को बताया कि अमृतपाल पर एनएसए के तहत मामला दर्ज किया गया है। अमृतपाल सिंह केस में सुनवाई करते हुए पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने कहा कि पंजाब सरकार का खुफिया तंत्र पूरी तरह फेल है। वहीं, सीएम भगवंत मान ने एक संदेश जारी किया है। भगवंत मान ने कहा कि पंजाब में कानून-व्यवस्था चुस्त है। पंजाब की शांति से हम खिलवाड़ नहीं करने देंगे। इसमें किसी तरह का समझौता नहीं होगा। हम देश के खिलाफ काम करने वाले लोगों को छोड़ेंगे नहीं। मान ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कुछ तत्व विदेशी ताकतों की मदद से पंजाब का माहौल खराब करने की बात कर रहे थे और नफरत भरे भाषण दे रहे थे। बता दें कि पुलिस ने अमृतपाल के कई साथियों पर अपना शिकंजा कसा है। पुलिस ने अमृतपाल के चाचा हरजीत सिंह के अलावा दलजीत कलसी, बसंत सिंह, गुरमीत सिंह भुखनवाला और भगवंत सिंह को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस की एक टीम हरप्रीत को असम के डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल लेकर पहुंची है। हरप्रीत के अलावा अन्य आरोपियों को भी यहां लाया गया है। पंजाब पुलिस ने हरजीत सिंह समेत पांच (शेष पृष्ठ सात पर)

## देह व्यापार मामले में फरार इनामी महिला गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुलिस ने देह व्यापार के मामले में फरार चल रही इनामी महिला को गिरफ्तार किया है। फरार महिला को काठगोदाम पुलिस ने गिरफ्तार किया है, महिला अपना नाम बदलकर हिमाचल में रह रही थी। वह काफी समय बाद अपने वकील से मिलने हल्द्वानी आई थी। तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बरेली की रहने वाली महिला वर्ष 2008 में देह व्यापार के आरोप में पकड़ी गई थी, जेल से छूटने के बाद महिला रुद्रपुर स्थित अपने किराए के मकान को छोड़ कर फरार हो गई, जिसने अपना नाम बदलकर एक व्यक्ति से शादी कर ली और वह हिमाचल प्रदेश में रह रही थी। पुलिस ने उस पर 20 हजार का ईनाम घोषित किया था और उसकी धरपकड़ के लिए पुलिस द्वारा दबिश दी जा रही थी। बताया जाता है कि कुछ वर्षों से महिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश में अपना नाम बदल कर रही थी। कल वह हल्द्वानी अपने वकील से मिलने आई थी, जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेजने की कार्रवाई की गयी।

## अज्ञात कारणों से हाई स्कूल की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अगयत कारणों के चलते गणित के पेपर से पहले हाई स्कूल की एक छात्रा ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतका का शव कब्जे में लिया और परिजनों से आवश्यक जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार मूलरूप से सर्प गांव सोमेश्वर अल्मोड़ा के रहने वाले हरीश चंद्र जोशी पेशे से प्लंबर हैं। बताया जाता है गत दोपहर तनुजा का भाई जब कुत्ते को लेकर टहलने निकला तो तनुजा ने उसे समझाते हुए कहा था कि टहलते हुए सड़क की तरफ मत निकल जाना और जल्दी लौट आना, वरना मम्मी डांटेगी। दोपहर तनुजा ट्यूशन गई थी । दिन का खाना उसने परिवार के साथ खाया। जिसके बाद पिता हरीश अपने काम पर और मां दुकान चली गई। शाम छोटा भाई कुत्ते को टहलाने चला गया। इसी बीच तनुजा ने खुद को कमरे में कैद कर लिया। कुछ देर बाद भाई कुत्ते के साथ वापस लौटा तो दरवाजा बंद था। जिस पर वह दौड़ कर मां को घर बुला लाया। मां ने पति हरीश को सूचना दी। दरवाजा न खुलने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। मुश्किल दरवाजा तोड़ा गया (शेष पृष्ठ सात पर)

## धामी सरकार का बजट सबके लिए कल्याणकारी: ठाकुर



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर ने राज्य सरकार के वर्तमान बजट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र 'सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की अवधारणा पर आधारित मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में पारित बजट के राज्य हित में दूरगामी परिणाम होंगे। उन्होंने कहा यह बजट सर्वस्पर्शी सर्व समावेशी व सामाजिक जनआकांक्षाओं के अनुरूप राज्य को सशक्त उत्तराखण्ड बनाने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा निश्चित तौर पर प्रदेश के विकास को रफ्तार देने वाला यह बजट मुख्यमंत्री धामी के विजन 2025 तक उत्तराखण्ड देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य होगा, को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। नवीन ठाकुर ने कहा नए उत्तराखंड के संकल्प वाले इस बजट में जहां युवाओं को बेहतर शिक्षा और बेहतर रोजगारपरक शिक्षा देने पर विशेष ध्यान दिया गया है, वहीं कृषि, उद्यान, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य,पर्यटन और इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी महत्व दिया गया है। नवीन ठाकुर ने बजट में किये गये प्रावधान भी पत्रकारों से साझा किये। उन्होनें कहा कि यह बजट 18.05 फीसदी वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 77407 करोड़ रुपए का है। जो उत्तराखंड के तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। साथ ही 4309 करोड़ का सरप्लस बजट वित्तीय प्रबंधन की कुशलता को बताता है। जिसमे स्वयं के संसाधनों से कुल इन्कम भी शुद्ध 24744 करोड़ की है जो विगत वर्ष के मुकाबले 18.44 फीसदी अधिक है। विषयगत आधार पर बजट आवंटन की बात करें तो सबसे अधिक और सबसे महत्वपूर्ण हमारे भविष्य के लिए 10,459 करोड़ का प्रावधान शिक्षा, खेल और कल्याण के लिए है । स्वास्थ्य के लिए 4217.87 करोड़, जिसके अंतर्गत प्रदेशवासियों की सेहत में सुधार के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के अलावा अटन आयुष्मान हेतु रु० 400 करोड़, (शेष पृष्ठ सात पर)

## बेमौसमी बारिश से किसानों को भारी नुकसान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। दो दिनों से हो रही बारिश ने गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। बारिश ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया है। प्रदेश के कई जिलो में बहुत तेज बारिश

**कृषि भूमि बिकाऊ**

**7 एकड़ कृषि भूमि बिकाऊ है**
**Highway (Rudrapur-Dehradun) से 2 किमी**
**लोकेशनः** गदरपुर-गूलरभोज रोड पर
नजदीकी रेलवे स्टेशन:गूलरभोज(6 किमी)
नजदीकी एयरपोर्टः पंतनगर (20 किमी)
नजदीकी शहरः गदरपुर (4 किमी)
okLrfod [kjhnnkj
lid dj&9891277500



दर्ज की गई। उधर, मौसम विभाग का कहना है कि अभी एक दो दिन और बारिश हो सकती है। ऐसे में देश के सामने भी अनाज का संकट गहरा सकता है। रबी की प्रमुख फसल गेहूं है. इस समय तेज बारिश गेहूं का काल बन सकती है। पिछले दो दिनों से लगातार बारिश हुई है। ऐसे में किसानों को गेहूं बर्बाद होने का डर सता रहा है। जानकारों का कहना है कि अधिक बारिश पड़ी तो गेहूं उत्पादन निश्चित तौर पर प्रभावित होगा। तेज हवा, बारिश और ओले पड़ने के कारण खेतों में ही गेहूं की फसल गिर गई है। प्रदेश के कई जिलों में गेहूं बर्बाद होने की भी खबरें हैं। आम और लीची का उत्पादन भी प्रभावित हो सकता है। बारिश में जो नुकसान हो रहा है। किसान उसे झेल रहा है। इसके अलावा बारिश के बाद भी गेहूं नुकसान होने का खतरा है। इससे गेहूं की फसल में रोग और कीट लगने का खतरा बढ़ा है। खेतो में कटी गेहूं-चना व अन्य फसलों के भीगने और खेतों में पानी भरने से किसानों का नुकसान हुआ है। किसानों ने सरकार से फसल के नुकसान के तहत मुआवजे की मांग की है।

## कल रूद्रपुर में धरने पर बैठेंगे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जी-20 सम्मेलन की आड़ में रूद्रपुर के सैकड़ों व्यापारियों को उजाड़े जाने एवं नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस



के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा बुधवार को कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठेंगे। जानकारी देते हुए कार्यवाहक जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि बेलगाम प्रशासन ने जी-20 की आड़ में रूद्रपुर के सैकड़ों कारोबारियों की रोजी रोटी छीनकर तानाशाही का परिचय दिया है। यह सब भाजपा सरकार की शह पर हुआ है। जब जब भाजपा सत्ता में आयी है तब तब गरीबों, व्यापारियों और किसानों की रोजी रोटी पर संकट आया है। जी-20 की आड़ में रूद्रपुर से पहले सैकड़ों गरीब खोखा फड़ वालों को उजाड़ा गया उसके बाद पचास सालों से कारोबार कर रहे राम मनोहर लोहिया मार्केट और समोसा मार्केट के दुकानदारों को उजाड़कर उनके सामने परिवार के भरण पोषण का संकट खड़ा कर दिया है। श्री गावा ने कहा कि प्रशासन की इस तानाशाही और (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने व्यापारियों के साथ किया धोखा:बेहड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यदि मैं रूद्रपुर का आज विधायक होता तो मेरी लाश पर से होकर प्रशासन सैकड़ों व्यापारियों को उजाड़ा जाता। भाजपा

### पूर्व मंत्री बोले- मैं रूद्रपुर का विधायक होता तो किसी भी कीमत पर नहीं टूटने देता दुकानें

जनप्रतिनिधियों ने व्यापारियों को झूठे आश्वासन देकर उन्हें धोखे में रखा। अब विधानसभा में इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाऊंगा। जी 20 में शामिल होने आ रहे विदेशी मेहमानों को प्रशासन नगर की सुंदरता के साथ ही जनपद की मलिन बस्तियों में ले जाकर देश की वास्तविकता भी दिखाये। यह बात पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़ ने अपने आवास पर उत्तरांचल दर्पण से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वह उन सभी शुभचिंतकों का धन्यवाद करना चाहते है जिन्होंने उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की। श्री बेहड़ ने कहा कि चिकित्सकों की सलाह के चलते वह आगामी मई माह तक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करेंगे। इस दौरान वह क्षेत्र के लोगों से मुलाकात करेंगे तथा विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर में अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यापारियों का जो प्रशासन द्वारा जो



उत्पीड़न किया गया है उससे उन्हें काफी कष्ट हुआ है। ऐसे व्यापारियों के पास रोजगार के लिए कोई साधन नहीं बचा है। इस शहर से वह पिछले कई दशकों से जुड़े हुए हैं। रूद्रपुर उनकी कर्मभूमि हैऔर यहां के लोगों से वह दिल से से जुडे हुए हैं। व्यापारियों के साथ जो कुछ भी हुआ दुर्भायपूर्ण है। यदि वह होते तो किसी भी कीमत पर शासन प्रशासन को ऐसा नहीं करने देते। श्री बेहड़ ने कहा कि भाजपा जन प्रतिनिधि प्रशासन के सामने झुककर बौने साबित हो गये। उन्होंने कहा कि रामनगर में वहां के विधायक ने व्यापारियों को उजड़ने नहीं दिया। उन्होंने कहा पूर्व में हाई कोर्ट के आदेश पर बाजार क्षेत्र में अतिक्रमण हटाया गया था। लेकिन किसी को उजाड़ा नहीं गया। श्री बेहड़ ने कहा कि यह अजीब बात है कि व्यापारियों के पुर्नवास पर विचार के लिए भाजपा की दस सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। बेहतर होता कमेटी में प्रशासनिक अधिकारी, व्यापारी नेता व जनप्रतिनिधि शामिल किये जाते। व्यापारियों को विश्वास में लेकर ही स्थान चयन कर समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपने 18 वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने रूद्रपुर के चहुंमुखी विकास कार्य कराये। सुपर मार्केट भी उन्हीं के प्रयासों से स्थापित हुई। परंतु पिछले एक वर्ष के दौरान रूद्रपुर में एक भी विकास योजना धरातल पर नहीं उतरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के मंसूबे अच्छे दिखाई नहीं दे रहे है। आज हजारों परिवार जो (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखंड बेरोजगार संघ अध्यक्ष ने लगाया प्रश्न पत्र का कंटेनर रोककर ताला तोड़ने का आरोप

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में भर्ती घोटाले के मामले में अब एक बार फिर बॉबी पंवार ने बड़ा खुलासा करते हुए उत्तराखंड लोकसेवा आयोग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किये हैं। सोमवार को प्रेस वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष बाबी पंवार ने आरोप लगाया हैं की 25 फरवरी को हुई इस परीक्षा के प्रश्नपत्र को बेचा गया। पेपर की सील तोड़ने की जांच होनी चाहिये। उन्होंने बताया है कि कनिष्ठ सहायक परीक्षा के दौरान जिस 17 फुट कंटेनर में प्रश्नपत्र मौजूद होते हैं उस कंटेनर को वाहन चालक को लाखों की रकम देने का लालच देकर मोहन्द क्षेत्र में देहरादून और रुड़की की दो गाड़ियों से पहुंचे लोगों ने रोककर ताला तोड़ने का आरोप लगाया हैं। राज्य गिरोह, राष्ट्रीय गिरोह, अंतरराष्ट्रीय गिरोह में एक नकल माफियाओं की बड़ी चैन बनी हुई है। उन्होने आरोप लगाया प्रशासन की ओर से पटवारी और कनिष्ठ सहायक परीक्षा के पेपर की सील टूटने पर बयान दिया गया था। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से पेपर की सील टूटने का कारण खराब सड़क बताया गया। मामला सामने आने के बाद साक्ष्यों के माध्यम से प्रशासन के बयान का स्वयं ही खंडन हो गया। अन्य परीक्षाओं में भी इस तरह धांधली की गई थी। संगठन ने देहरादून की जिलाधिकारी सोनिका के माध्यम से केंद्र से लेकर उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड सरकार को साक्ष्य प्रस्तुत कर मामले की गंभीरता से जांच एवं आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को लेकर ज्ञापन भेजा गया। आरोप है कि माफिया पर किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है। बॉबी पंवार ने धांधली की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि हमने लगातार सरकार से मांग की कि यह मामला छोटा नहीं है, बहुत बड़े स्तर का मामला है। प्रदेश की जांच एजेंसियां चाह कर भी इस मामले में कुछ नहीं उखाड़ सकती हैं। उत्तराखंड पुलिस कांस्टेबल की परीक्षा आयोजित की गई। जिसकी परीक्षा से लेकर, परीक्षा परिणाम घोषित करने में ऐतिहासिक जल्दबाजी की गई और उस परीक्षा का परिणाम आया 9 फरवरी 2023 को वो भी रात्रि में, जिस दिन उत्तराखंड बेरोजगार संघ के साथी जेल की सलाखों के पीछे भेजे गए। इस परीक्षा की जांच की बात सामने आई लेकिन जांच का कहीं कोई अता पता नहीं है। खेल देखिए राज्य के युवाओं, उनके अभिभावकों के साथ, परीक्षा का परिणाम निकलता है लेकिन न तो अनुक्रमांक के साथ, किसी का नाम, न किसी अभ्यर्थी के प्राप्त अंकों को दर्शाया जाता है। जबकि यह प्रकरण नेता प्रतिपक्ष द्वारा सदन में भी उठ चुका है। जिसको जहां से मौका मिल रहा है राज्य के युवाओं के भविष्य की खुलेआम नीलामी कर रहा है। इसीलिए हम बार बार कह रहे हैं राज्य सरकार की एजेंसियां जांच नहीं कर सकती सीबीआई को आना पड़ेगा।



# आईईएलटीएस की परीक्षा में धांधली का आरोप निराधार

देहरादून। राज्य लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने आयोग द्वारा कराई गई इंटरनेशनल इंग्लिश लेग्वेज टेस्टिंग सिस्टम (आईईएलटीएस) परीक्षा में धांधली के आरोप को निराधार बताया गया है। उन्होंने कहा कि आईईएलटीएस की परीक्षा में उत्तर-पुस्तिकाओं के रास्ते में छेड़छाड़ किए जाने का जिक्र किया गया है और उसे राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित परीक्षाओं के पेपरलीक से जोड़ने का प्रयास किया गया है। वह भ्रामक और तथ्य से परे है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोग ने जो भी परीक्षाएं कराई हैं, उसमें गोपनीयता, पारदर्शिता को अक्षुण्ण बनाए रखने को संबंधित मुद्रक की ओर से जिस वाहन से गोपनीय सामग्री आयोग को भेजी जाती है, वह सीलबंद होता है। जिसे आयोग के अधिकारियों की उपस्थिति में पूरी वीडियोग्राफी के साथ खोला जाता है। इसके बाद वाहन में रखे हुए सीलबंद गोपनीय डिब्बों को संबंधित जिलों में सुरक्षा के साथ कोषागारों के डबल लाक में सुरक्षित रखा जाता है। नोडल और प्रशासनिक अधिकारियों के सुपुर्द किया जाता है। परीक्षा के दिन सीलबंद डिब्बों को संबंधित जिलों के कोषागार के डबल लाक से निकालकर समय से परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट की ओर से उत्तरदायी अधिकारियों को प्राप्त कराया जाता है। जिसे संबंधित परीक्षा केंद्र के प्रधानाचार्य, केंद्र पर्यवेक्षक, कक्ष निरीक्षक और आयोग प्रतिनिधि की उपस्थिति में नियत समय पर गोपनीय सीलबंद डिब्बों को वीडियोग्राफी के साथ प्रत्येक परीक्षा केंद्रों पर खोला जाता है।ऐसी स्थिति में प्रश्नपत्र लीक होने या उसकी गोपनीयता भंग होने का कोई प्रश्न नहीं उठता है। इसलिए प्रश्नपत्रों की गोपनीयता के संबंध में 20 मार्च, 2023 को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित सूचना तथ्यहीन, भ्रामक और निराधार है।

# एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी को रामनगर में करना पड़ा विरोध का सामना

रामनगर(उद संवाददाता)। एनएसयूआई के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी को रामनगर में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का भारी विरोध सामना करना पड़ा। एनयूएसआई के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी के प्रथम बार रामनगर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में उनके स्वागत की तैयारियां की थी। कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा एवं ब्लॉक अध्यक्ष देशबंधु रावत एवं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कांग्रेस कार्यालय में ना आकर पार्टी को तोड़ने का काम किया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप था कि एनएसआई के प्रदेश अध्यक्ष ने उन लोगों के कार्यक्रम में भाग लिया जो पार्टी के विरोधी हैं और पार्टी को तोड़कर भाजपा के एजेंट के रूप में भाजपा को मजबूत कर रहे हैं उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में पार्टी हाईकमान एवं अनुशासन समिति को अवगत करा कर एसआई के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे वहीं कुछ देर बाद कांग्रेस कार्यालय पहुंचे एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई तथा भारी विरोध के बाद वह कांग्रेस कार्यालय से वापस लौट गए इससे पूर्व एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी का नगर पालिका सभागार में कार्यकर्ताओं ने पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुमित लोहनी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी ने बताया कि संगठन द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसको लेकर संगठन को मजबूत करने के लिए पूरे कुमाऊं का दौरा कर रहे हैं वहीं उन्होंने प्रदेश सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार द्वारा जो भी भर्ती परीक्षाएं कराई गई है उस में धांधली हुई है तथा बेरोजगारों के साथ छलावा हुआ है उन्होंने कहा कि सरकार को इन सभी परीक्षाओं की सीबीआई जांच करानी चाहिए तथा इसको लेकर पूरे प्रदेश के कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे।



# फंदा लगाकर गुलदार को फंसाने वाला गिरफ्तार

रामनगर(उद संवाददाता)।बीते गुरुवार की देर शाम रामनगर वन प्रभाग के कोटा रेंज के अंतर्गत ओखलढूंगा ग्राम सभा की राजस्व भूमि पर तारों में मादा गुलदार फंसे होने की सूचना वन प्रभाग को मिली थी। जिसके बाद रामनगर वन प्रभाग में हड़कंप मच गया था। सूचना पाकर पहुंची वन विभाग की टीम ने काफी मसक्कत के बाद गुलदार का सुरक्षित रेस्क्यू किया था। साथ ही वन विभाग ने संबंधित के खिलाफ वन अपराध के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी थी। गुलदार का पैर किसी तार नुमे फंदे(खड़के) में फंसा हुआ था जिसमे विभाग को आशंका थी कि तार फंदे के रूप में किसी लकड़ी से बंधा होगा और जब गुलदार ने पैरों से फसे फंदे को हटाने की कोशिश की होगी तो वह नहीं छूटा होगा, जिसके बाद गुलदार के जोर लगाने पर वो लकड़ी का खूंटा उखड़ गया। जिसके बाद गुलदार उस तार से बधे लकड़ी को भी घसीटता हुआ भागने लगा और एक झाड़ी में लकड़ी की वजह से फंस गया और उसका पैर भी चोटिल था। वन प्रभाग के डीएफओ कुंदन कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन करते हुए जांच शुरू कि,जिसमे आज जांच करते हुए एसओजी व रामनगर वन प्रभाग की कोटा रेंज की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया,जिसका नाम गंगा सिंह पुत्र अनूप सिंह निवासी ओखलढूंगा है,जिसके द्वारा अपना जुर्म भी कबूल कर लिया गया है। जिसको वन प्रभाग रामनगर द्वारा गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। वही मामले का खुलासा करने वाली टीम में एसडीओ पूनम कैंथोला, एसओजी के टीम प्रभारी कैलाश चंद्र तिवारी,सुंदर सिंह वन दरोगा,विमल चौधरी वन आरक्षी,सरिता आर्या वन आरक्षी,पूजा बुल्लाकोटी,विनोद कुमार शर्मा एव वन प्रभाग की कोटा रेंज की टीम मेंरेंज अधिकारी रमेश चंद्र ध्यानी,अनिल भदोला, जगदीश चंद्र पांडे,भगवती प्रसाद, गौरव पंत आदि वन प्रभाग की टीम शामिल थी।




# कार्बेट नेशनल पार्क में सफारी करेंगे विदेशी मेहमान

रामनगर। जी-20 सम्मेलन में आने वाले देश-विदेश के अतिथि कार्बेट नेशनल पार्क के बिजरानी व गिरिजा पर्यटन जोन का भ्रमण करेंगे। कार्बेट प्रशासन ने 125 अतिथियों के स्वागत की तैयारी शुरू कर दी है। पार्क में सफारी के लिए रूट का निर्धारण भी कर लिया है।रामनगर के ढिकुली में 28 से 30 मार्च तक जी-20 सम्मेलन होना है। इसमें 76 विदेशी व 36 भारतीय डेलीगेट्स के पहुंचने का कार्यक्रम तय है। 28 व 29 को विज्ञान विषय पर फोकस बैठक के बाद तीसरे दिन 30 मार्च को अतिथियों को कार्बेट सफारी कराया जाना भी प्रस्तावित है। चूंकि अतिथियों के उसी दिन वापस भी लौटना होगा इसलिए उन्हें ढिकाला पर्यटन जोन में सफारी कराने में समय ज्यादा लगेगा। इसे देखते हुए उन्हें डे विजिट जिप्सी सफारी कराने का ही निर्णय लिया गया है। इसलिए पार्क प्रशासन ने नजदीकी बिजरानी व गिरिजा जोन को प्राथमिकता में रखा है। यहां प्राकृतिक सौंदर्य के अलावा बाघ, हाथी, हिरण समेत तमाम वन्यजीव व पक्षी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। हालांकि झिरना पर्यटन जोन भी विकल्प के रूप में रखा गया है। जिला प्रशासन की ओर से कार्बेट कार्यालय को 125 लोगों की सूची सफारी के लिए दी है। कार्बेट पार्क निदेशक धीरज पांडे के अनुसार अधीनस्थ अधिकारियों के साथ पर्यटन जोन में सफारी के लिए रूटों का निर्धारण किया जा चुका हैं। अतिथियों को बिजरानी व गिरिजा पर्यटन जोन में सफारी कराई जाएगी। सफारी के लिए जिप्सियों को भी चिन्हित कर लिया गया है। इसके अलावा हिंदी व अंग्रेजी जानने वाले गाइड्स को उनके साथ भेजा जाएगा। सभी व्यवस्थाएं पूरी हो गई हैं।

# अपर सचिव ने किया रामनगर पालिका का निरीक्षण

रामनगर(उद संवाददाता)। शहरी विकास विभाग उत्तराखंड के अपर सचिव एवं निदेशक नवनीत पांडे ने रामनगर नगर पालिका का निरीक्षण करते हुए सफाई के क्षेत्र में पालिका द्वारा किए जा रहे कार्यों की जहां एक और प्रशंसा की तो वहीं उन्होंने रामनगर में होने वाली जी-20 की बैठक को लेकर रामनगर से लेकर ग्राम ढिकुली कार्यक्रम स्थल तक सफाई व्यवस्था एवं फॉरेस्ट एरिया में पड़े कूड़ा कचरा को साफ करने के निर्देश भी पालिका के अधिकारियों को दिए उन्होंने बताया कि जी-20 की बैठक को लेकर इसमें प्रतिभाग करने वाले मेहमानों को अपना शहर स्वच्छ व सुंदर मिले ऐसा उनका प्रयास है वहीं उन्होंने बताया कि नगर पालिका को कुछ मशीनें प्रदान की जाएंगी जो कि नगर की सफाई व्यवस्था में काफी कारगर साबित होंगी।



# मानव जाति अभियान के तहत पीएम को भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू व सदस्य मोहित कुमार के नेतृत्व में संस्था पदाधिकारियों ने ग्वालियर में केंद्रीय राज्य पेट्रोलियम मंत्री रामेश्वर तेली द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ज्ञापन भेजा गया।अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि प्राचीन काल से आज तक पुरुषों ने महिलाओं के सम्मान और विकास में प्रगति उन्नति लाने के लिए हमेशा ही दृढ़ता के साथ संघर्ष किया है और आगे भी करते रहेंगे लेकिन अब कुछ निर्दोष पुरुषों को भी छेड़छाड़ मारपीट यौन शोषण दहेज प्रथा बलात्कार के झूठे केसों में फंसाकर उनकी ही सुरक्षा से जिस तेजी से खिलवाड़ किया जा रहा है यह बहुत ही चिंता का विषय है। क्योंकि कई बार पुरुष अपने निर्दोष होने के सुबूत भी देते है तो उन्हें नहीं माना जाता है जबकि महिला के कहने भर से पुरुषों को अपराधी मान लिया जाता है और फिर पुरुषों को फसाए गए झूठे केसों से समझौते के आधार पर लाखों रुपए की मोटी रकम मांगी जाती है। मजबूर पुरुष अपने मान सम्मान को बचाने के लिए इधर उधर से कर्जा लेकर इनकी मांगों को पूरी करते है। इस तरह कुछ लोगों ने महिलाओं को दिए गए विशेष अधिकारों के कानूनों का दुरुपयोग कर पुरुषों से मोटी रकम कमाने का अपना व्यापार बना लिया है। जिससे पुरुष पर चौतरफा मार पड़ती है एक तो पुरुष का पूरा भविष्य अंधकार में चला जाता है दूसरा समाज में उसके प्रति घृणा पैदा हो जाती है तीसरा परिवार व परिवार की जिम्मेदारी से दूर हो जाता है चौथा बचे हुए जीवन को यापन करने के लिए आर्थिक तंगी के चलते जीवन में बहुत सारी मुश्किलें उत्पन्न हो जाती है। जिस कारण से पुरुष मानसिक तनाव में चला जाता है और फिर तनाव के चलते उत्तेजना में आकर आत्महत्या कर अपने जीवन की यात्रा को समाप्त कर देता है। जिसके लिए सीधे सीधे जिम्मेदार हमारे देश की न्याय प्रणाली है। क्योंकि यदि पुरुषों के संरक्षण के लिए पुरुष आयोग एवं पुरुष कल्याण मंत्रालय होता तो आत्महत्या करने वाला पुरुष अपनी सच्ची बात यहां पर रखकर अपनी कानूनी लड़ाई सामाजिक तौर से लड़ता लेकिन ऐसा नहीं है। जबकि महिलाओं के संरक्षण के लिए करीब पचास कानून और उनके लिए काम करने वाले दस हजार से अधिक एनजीओ फिर भी अलग से मंत्रालय और आयोग भी है जो बहुत अच्छी बात है। लेकिन फिर भी सरकारों की बहुत सी योजनाएं व नीतियां महिलाओं पर आकर ही खत्म हो जाती है। जबकि झूठे आरोपों में फंसाने के बावजूद पुरुषों की रक्षा के लिए न कोई सख्त कानून है न मुफ्त कानूनी सहायता और पुरुषों के कल्याण के लिए सरकारी योजनाओं में कोई अलग से बजट भी नहीं है। इसीलिए आज पुरुष समाज इतना कमजोर हो चुका है कि महिलाओं की तुलना पुरुष लगभग तीन गुना ज्यादा आत्महत्या कर रहे है। इसलिए अब भारत सरकार पुरुषों के संरक्षण के लिए तुरन्त पुरुष कल्याण मंत्रालय एवं पुरुष आयोग बनाए ताकि झूठे केसों में फंसे निर्दोष पुरुषों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति पूर्ण रूप से की जाए और निर्दोष पुरुषों के कल्याण के लिए अलग से बजट का प्रावधान कर सरकारी योजनाएं भी बनाई जाए। महिलाओं को दिए गए विशेष अधिकारों के कानूनों का दुरुपयोग करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने वाले कानून बनाया जाए जिससे महिलाओं और पुरुषों के बीच फैल रहे मतभेद को जड़ से खत्म किया जा सके। ज्ञापन देने में अनुराग भोसले, दीपक मोदी, रितिक साहू, सुशील राय, दीपक कुमार, मुकेश कुमार, सूरज कुम्हार आदि शामिल थे।



# डॉ. मयंक ने सीएचसी में कार्यभार ग्रहण किया

सितारगंज(उद संवाददाता)। अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. मयंक प्रताप सिंह ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यभार ग्रहण किया है। सितारगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद खाली थे। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रयासों से सीएचसी में एमएस आर्थो डॉ. मयंक प्रताप सिंह की नियुक्ति हुई है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अभिलाषा पाण्डे ने बताया कि सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा के निर्देश पर डॉ. मयंक ने हॉस्पिटल ज्वाइन कर लिया है। डॉ. अभिलाषा पाण्डे ने बताया कि नई बिल्डिंग में शिफ्ट होते ही ओटी भी शुरू हो जाएगी। फिलहाल पुराने भवन में हड्डी रोग के मरीजों का उपचार शुरू कर दिया गया है।

## धामी सरकार का बजट विकासोन्मुखी: मक्कड़

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मोदी विकास मिशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार दलीप सिंह मक्कड़ ने उत्तराखंड की धामी सरकार के बजट को जनकल्याणकारी बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों और मजदूरों के साथ ही पर्यटन विकास के लिए विशेष ध्यान रखा गया है। किसानों के लिए पाली हाउस के साथ ही बजट में महिलाओं के उत्थान के लिए भी प्रावधान किया गया है। पिछड़ा वर्ग के लिए विकास और आर्थिक मजबूती के लिए भी प्रयास किये गये हैं।

# पुलिस ने दो शराब तस्करों को दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने अलग अलग स्थानों से दो शराब तस्करों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार गश्त के दौरान पुलिस ने बगवाड़ा भट्टा में बगवाड़ा भट्टा निवासी जसवीर पुत्र रमेश को कट्टे में भरे 67 चाउच अवैध शराब के साथ पकड़ लिया। वहीं रम्पुरा चौकी पुलिस ने बिना नंबर की स्कूटी पर सवार ग्राम बिंदुखेड़ा निवासी रोशन सिंह पुत्र परमजीत सिंह को पीछा कर काली मंदिर के पास 57 पाउच अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने शराब व स्कूटी कब्जे में लेकर दोनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA

# जीएसटी करदाता ध्यान दें!

जिन करदाताओं का सकल वार्षिक टर्नओवर# एक विनिर्दिष्ट सीमा* तक है वे वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जीएसटी कंपोजिशन योजना का विकल्प **31 मार्च, 2023 तक चुन सकते हैं**

पात्र करदाता, जो कंपोजिशन योजना का लाभ उठाने के इच्छुक हैं, वे जीएसटी पोर्टल (www.gst.gov.in) पर निम्न प्रक्रिया द्वारा कंपोजिशन योजना का विकल्प चुन सकते हैं:

- करदाता इंटरफेस पर लॉगिन करें
- 'Services > Registration > Application to Opt for Composition Levy' पर जाएं
- फॉर्म GST CMP-02 भर कर जमा करें

पहले से कंपोजिशन योजना का लाभ उठा रहे पात्र करदाताओं को फॉर्म GST CMP-02 दाखिल करना आवश्यक नहीं है

**लाभ**

- आसान और सुविधाजनक
- स्वत: नवीकरण और योजना को छोड़ना भी सरल
- आकर्षक कर दरें
- कम बही खातों की आवश्यकता
- अनुपालन की न्यूनतम आवश्यकता
- माल एवं सेवाओं की आपूर्तिकर्ताओं के लिए उपलब्ध

*

| आपूर्तिकर्ताओं के प्रकार | | # वित्तीय वर्ष 2022–23 में सकल वार्षिक टर्नओवर |
|---|---|---|
| माल के आपूर्तिकर्ता | 08 विनिर्दिष्ट राज्यों में पंजीकृत करदाता | रू. 75 लाख तक |
| | अन्य राज्यों में पंजीकृत करदाता | रू. 150 लाख तक |
| सेवाओं के आपूर्तिकर्ता | | रू. 50 लाख तक |

अधिक जानकारी के लिए कृपया स्कैन करें

अधिक जानकारी के लिए कृपया सीजीएसटी अधिनियम की धारा 10, सीजीएसटी नियम 3 से 7 और अधिसूचना सं. 14/2019-केंद्रीय कर दिनांक 07.03.2019, को देखें

जीएसटी कंपोजिशन योजना: छोटे करदाताओं के लिए बड़े लाभ

cbc 15502/13/0021/2223

केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड

@cbic_india @cbicindia @cbicindia @CBIC INDIA @cbic www.cbic.gov.in



जगदीश कलर लैब टंडन फोटो स्टूडियो

पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें

जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।

मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।

काशीपुर बाईपास रोड, गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर

E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com

Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817



अरोरा डेन्टल केयर



Dental Facilities / सुविधायें

डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध

- दांतों की नसों का इलाज / RCT
- फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
- नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
- टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
- दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
- सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling

B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085



B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9997327642

(15 साल का अनुभव)

1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur

Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642



वाटर प्रूफिंग

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान

9012051994, 6399038125

आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर



MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER




NEELKANTH ENTERPRISE

Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614



मकान बिकाऊ है

15 x 45 का एक मकान (रजिस्ट्रीशुदा) शांति कालोनी निकट अग्रसेन अस्पताल रूद्रपुर में बिकाऊ है।

-सम्पर्क करें-

मो.8191024718

# जी-20 बैठक से उत्तराखण्ड को वैश्विक पटल पर मिलेगी नई पहचानः सीएम

## सीएम धामी ने स्थलीय निरीक्षण कर उच्चाधिकारियों के साथ की बैठक







रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को पन्तनगर पहुँचकर रामनगर में आयोजित होने वाली जी-20 बैठक की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया और उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा राज्य के लिए यह ऐतिहासिक आयोजन हैं और इस आयोजन से उत्तराखण्ड को वैश्विक पटल पर नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि बैठकों के भव्य एवं सफल आयोजन हेतु किसी भी प्रकार कमी न रहे। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जी-20 की बैठकों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कार्यों में तेजी लाकर समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने लोनिवि, विद्युत, जल संस्थान, वन विभाग, पन्तनगर एयरपोर्ट प्रबन्धन, एनएचएआई, जिला विकास प्राधिकरण, शहरी विकास, पंचायतीराज, स्वास्थ्य आदि विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए सभी कार्यों को समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री ने पन्तनगर-मटकोटा मार्ग के स्थलीय निरीक्षण के दौरान चल रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि युद्ध स्तर पर काम करते हुए कार्यों को तेजी से पूरा किया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि चल रहे कार्यों पर पैनी नजर रखते हुए दिन-प्रतिदिन प्रगति कार्यों की समीक्षा की जाये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण भी किया। इस दौरान मेयर रामपाल सिंह, मण्डलायुक्त दीपक रावत, आईजी नीलेश आनन्द भरणे, जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण हरीश काण्डपाल, प्रशिक्षु आईएएस अनामिका, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, पीडी एनएचएआई योगेन्द्र शर्मा, प्रदेश मंत्री भाजपा विकास शर्मा सहित सुरेश परिहार, उत्तम दत्ता, विवेक सक्सेना, अमित नारंग आदि उपस्थित थे।

# इस वर्ष हिंदू नववर्ष तेरह माह का होगा : वार्ष्णेय



हल्द्वानी (उद संवाददाता ) सनातन धर्म में चौत्र मास का विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना एवं भारतीय पंचांग का प्रारम्भ चौत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से हुआ था। इसी दिन से बासंतिक नवरात्रि पर्व की शुरुआत हो जाती है। विक्रम सम्वत् 2080 के बारे में ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने जानकारी देते हुए बताया कि चौत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा बुधवार से हिन्दू नववर्ष प्रारम्भ हो रहा है, जो इस वर्ष तेरह माह का होगा। क्योंकि श्रावण मास के मध्य में अधिमास लग जाने से एक माह की बृद्धि हो रही है। इस सम्वतस में कुछ प्रमुख ग्रहों की चाल शुभ संकेत दे रही है। जिससे देश में अर्थ व्यवस्था मजबूत, बेरोजगारी में आंशिक सफलता तथा कुछ ऐसे कार्य सम्भव हैं, जिनसे देश का मान-सम्मान विश्व स्तर पर बढेगा। उन्होंने बताया इस वर्ष के राजा बुध व प्रधानमंत्री शुक्र होंगे।जिनके नेतृत्व में ब्रह्माण्ड की सरकार सांसारिक गतिविधियों का संचालन करेगी। इसी क्रम में चौत्र मास की नवरात्रि पर्व के सम्बन्ध में अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि चौत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा 21 मार्च की रात्रि में 10 बजकर 52 मिनट से प्रारम्भ होकर अगले दिन बुधवार की रात्रि 8 बजकर 25मिनट तक रहेगी। अतः 22 मार्च को उदयातिथि मिल जाने से नवरात्रि पर्व की शुरुआत हो जायेगी। जो 30मार्च तक रहकर सम्पन्न होंगे। प्रथम नवरात्रि के दिन माँ दुर्गा नाव पर सवार होकर भक्तों को आर्शीवाद देने पृथ्वी पर आ रही है तथा हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करेंगी। जो शुभ फलदायी होगा। घटस्थापना उत्तम मुहूर्त प्रातःकाल 6 बजकर 25 मिनट से 9 बजकर 25 मिनट तक है। द्वितीय मुहूर्त 10 बजकर 55 मिनट से 12 बजकर 25 मिनट तक है। उन्होंने नवरात्रि के प्रतिदिन का भोग तथा लाभ बताते हुए कहा प्रथम मां शैलपुत्री का भोग गाय का घी व लाभ आरोग्यता, द्वितीय मां ब्रह्मचारिणी भोग शक्कर व पंचामृत लाभ दीर्घायु , तृतीय मां चन्द्रघंटा भोग बरफी व रबडी लाभ धन -वैभव, चतुर्थ कूष्माण्डा भोग मालपुआ लाभ बुद्धि विकास, मनोकामना पूर्ति पंचम मां स्कंदमाता भोग केला लाभ रोगों से मुक्ति, षष्ठम मां कात्यायनी भोग लौकी,मीठा पान,शहद लाभ आकर्षण शक्ति, नकारात्मक प्रभाव से दूरी सप्तम मां कालरात्रि भोग गुड , गुड से बने पदार्थ लाभ रोग-शोक से मुक्ति, अष्टम मां महागौरी भोग श्रीफल लाभ धन -धान्य, कामनापूर्ति, नवम मां सिद्धिदात्री भोग चना, हलवा, खीर, पूरी लाभ मनोवांछित फल की प्राप्ति है।

# पहाड़ में नई श्वेत क्रांति ला सकती हैं महिलाएंः मिश्रा

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च के उपलक्ष में आयोजित सेमिनार में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने कहा कि अर्थव्यवस्था की रीढ़ महिलाएं पहाड़ में नई श्वेत क्रांति ला सकती है। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में काफी संभावनाएं है। सरकार लगातार काश्तकारों को प्रोत्साहित कर रही है। अगर महिलाएं ठान ले तो वह आत्मनिर्भर तो होंगी ही वहीं पहाड़ से हो रहा पलायन भी रुकेगा। विकास भवन सभागार में उत्तराखंड महिला डेरी विकास विभाग के माध्यम से महिला दुग्ध उत्पादकों का सेमिनार हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति साह मिश्रा ने अमूल का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह गुजरात के काश्तकारों ने वहां श्वेत क्रांति की, उसी प्रकार पहाड़ में भी यह हो सकता है। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में कई महिलाओं ने यह करके भी दिखाया है। इसे वृहद स्तर पर किया जा सकता है। दुग्ध सहकारी समितियों को प्रोत्साहित किया जाए। जिससे उनका उत्पादन को बढ़ाया जा सके। दुग्ध से जुड़े उत्पादों को बनाया जाए। उन्होंने कहा कि बाल मिठाई जिसे एक जिला एक उत्पाद में शामिल किया गया है और इसको जीआइ टैग भी मिला है, बाल मिठाई को आज राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। इसके अलावा अन्य उत्पाद भी हैं। उपाध्यक्ष साह ने कहा कि इसके लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करने की आवश्यकता है। सरकार इस क्षेत्र में हरसंभव मदद कर रही है। मौके पर दुग्ध उत्पादन में बेहतरीन कार्य करने वाली महिलाओं दीपा साह को 10 हजार, कमला देवी को सात हजार, देवकी देवी को पांच हजार का क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार मिला। सेमिनार में दुग्ध उत्पादकों ने इस क्षेत्र में आ रही दिक्कतों व किए जा रहे कार्यों को भी विस्तार से बताया। मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह ने सभी महिलाओं को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ उदयशंकर ने पशुओं से जुड़ी विभिन जानकारियां दी। एपीडी चंदा फर्त्याल, जीएम डेयरी राजेश मेहता, सहायक प्रबंधक महिला डेरी गीता राठौर, डा. निवेदिता जोशी, आराधना त्रिपाठी, ज्योति प्रताप, पुष्पा नेगी सहित महिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों की महिलाएं मौजूद थे।




# हवन व भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

## श्रीमद् भागवत कथा सुनने वाला हो जाता है शुद्ध व व पापों से मुक्तः नारायण चेतन्य

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री वैष्णो देवी मंदिर, श्री वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम (पूज्यनीय स्वर्ग फार्म वाले देवी जी के स्थान) आदर्श कालोनी में 14 मार्च से प्रारंभ हुई श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ का आज प्रातः हवन एवं दोपहर भंडारे के साथ समापन हुआ। इससे पूर्व गत सायं कथा के सातवें और अंतिम दिन व्यास गददी से कथा व्यास स्वामी श्री नारायण चौतन्य जी महाराज ने सुदामा चरित्र, नवयोगेश्वर संवाद, भक्तिज्ञान बैराग्य, सत्संग सहित राजा परीक्षित को अंतिम उपदेश और भागवत कथा का सार सुनाया और कथा का श्रवण करने वाले समस्त श्रद्धालुओं के अच्छे भविष्य की कामना की। कथा व्यास जी ने बताया जहाँ श्रीमद् भागवत कथा का वाचन होता है वह धाती धन्य हो जाती है। वहाँ के नर नारी पशु-पक्षी सभी को अंतःकरण श्रीमद्भागवद की कथा सुनकर शुद्ध और पाप मुक्त हो जाता है। श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन भी कथा का रसपान पाने के लिये भक्तों का सैलाब वैष्णो देवी मंदिर में उमड़ पड़ा। वही श्कथा को विश्राम देने के समय भक्तों ने भगवान श्री कृष्ण के साथ तथा कथा व्यास जी के साथ व भक्तो के साथ फूलों की होली खेली और नाच-नाच कर आनन्द के सागर में डुबकियों लगाते नजर आये। कथा में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, श्री बाला जी मंदिर हरी धाम से महंत मनीष सलूजा भी पहुंचे और फूलों की होली खेली। पूर्व विधायक ठुकराल ने नारायण चैतन्य जी महाराज को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अक्सर पर संजय ठुकराल, जौली कक्कड़, दीपक कटारिया, मदन कक्कड़, अरविंद मिश्रा, जगदीश अरोरा, राजेश आनंद ,जीतू नागपाल, पवन गाबा, राजकुमार सीकरी, एडवोकेट नरेश छाबड़ा, सुभाष गगनेजा, शम्मी, विजय फुटेला, राजीव ग्रोवर व अन्य कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। वही महिलाओं मै सीमा राजदेव, आरती घई, प्रीति ग्रोवर, एकता ग्रोवर, निशा, सुनीता, आशा, सुरक्षा बधवार, शशि, पूनम अन्य कई महिलाये उपस्थित रही।







ANANT GRAPHICS
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
More information call us
98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# भ्रष्टाचार के खिलाफ आरटीआई को हथियार बनायें पत्रकार: योगेश भट्ट

## नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट का द्विवार्षिक महासम्मेलन संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट उत्तराखंड का द्विवार्षिक महासम्मेलन एक होटल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत उत्तराखंड छोलिया नृत्य से की गयी।सम्मेलन की अध्यक्षता विजय भूषण गर्ग द्वारा की गयी । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड राज्य के सूचना आयुक्त योगेश भट्ट एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर उत्तरांचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय राणा अति विशिष्ट अतिथि में जिला प्रभारी पुष्कर सिंह काला और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भाजपा मौजूद रहे । नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के इस महा अधिवेशन में पूरे प्रदेश से इलेक्ट्रोनिक प्रिंट और वेब मीडिया के पत्रकारों ने महासम्मेलन में भाग लिया और पत्रकारों के हितों के लिए अनेक सुझाव रखे । उत्तरांचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय राणा ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वक्त मीडिया की स्थिति बेहद चिंताजनक है एक पत्रकार विभिन्न विषम परिस्थितियों में समाज और देश के लिए कर्तव्यों का पालन कर रहा है लेकिन उत्तराखंड में पत्रकार सुरक्षा और सुविधा से आज भी वंचित है उन्होने आगे कहा कि अब समय आ गया है कि हम सभी को एक होकर पत्रकारों के हितों के लिए आवाज उठानी चाहिए । उत्तराखंड राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने भी पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कहने को पत्रकार चौथा स्तम्भ कहलाता है लेकिन चौथे स्तम्भ का संविधान में कहीं कोई उल्लेख नहीं है लेकिन फिर भी एक





पत्रकार संविधान का न दिखने वाला चौथा स्तम्भ बनकर लड़ाई लड़ रहा है इस बदलते परिवेश में जहां खबरों का मतलब केवल सूचना देना रह गया है वही पत्रकारों को आज खबर के सही मायने समझने होंगे कि उनके द्वारा प्रकाशित की गयी खबर यथा स्थिति में वही है जो खबर है या फिर किसी प्रभाव के वो खबर वो नहीं है जो वास्तविकता में है, साथ ही यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कुछ घटनाएँ खबर के रूप में तो होती है लेकिन वो देश और समाज में नकारात्मकता और वैमनस्य आदि पैदा करती है इसलिए खबर के प्रकाशन से ज्यादा खबर को छुपाना भी कभी कभी देश और समाज के हित में हो जाता है जिसका सभी पत्रकारों को ध्यान रखना चाहिए । योगेश भट्ट ने कहा कि देश में आज भी भ्रष्टाचार है और हमारे हाथ में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सूचना का अधिकार है लेकिन दुर्भाग्य से उत्तराखंड में सूचना के अधिकार का उपयोग बहुत कम होता है जिसे हमें बढ़ाना होगा और जब प्रत्येक पत्रकार सूचना के अधिकार का उपयोग करेगा तो धीरे धीरे भ्रष्टाचार भी कम होता चला जाएगा ।एनयूजे के संस्थापक और नवनिर्वाचित अध्यक्ष त्रिलोक चन्द्र भट्ट ने भी पत्रकारों को संबोधित किया और पत्रकारों के हितो को लेकर बात की । नव निर्वाचित अध्यक्ष त्रिलोक चन्द्र भट्ट के द्वारा कई सुझाव भी संगठन को दिये गए एनयूजे के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने पत्रकारों की सुरक्षा हेतु कानून ,स्वास्थ्य बीमा योजना ,कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत पत्रकारों का पंजीकरण ,इलेक्ट्रोनिक और प्रिंट के अलावा वेब मीडिया के पत्रकारों और कम्यूनिटी रेडियो के पत्रकारों को मान्यता आदि प्रस्तावों पर संगठन के समस्त पत्रकारों की मुहर लगाई गयी । अध्यक्षता कर रहे द्रोण ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन विजय भूषण गर्ग ने भी मंच से विचार रखे। उन्होनें कहा कि नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट का मतलब राष्ट्रवादी पत्रकार संगठन होता है आज के परिवेश में राष्ट्रवादी होना बहुत जरूरी है और अगर पत्रकारों का एक संगठन राष्ट्रवादी सोच के साथ पत्रकारिता करता है तो वह एक तरह से देश के हित के लिए कार्य कर रहा है विजय भूषण गर्ग ने एनयूजे के प्रत्येक सदस्य निरंतर निर्भीक निष्पक्ष होकर कार्य करने के लिए बधाई दी । सम्मेलन में पत्रकार उमेश कश्यप, पर्यावरण क्षेत्र में डॉ मनमोहन सिंह, राष्ट्रीय स्तर एथलीट में लंबी कूद में राष्ट्रीय रिकार्ड बनाने पर होली चाइल्ड स्कूल से शगुन सिंह, शूटिंग में राष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक जीतने पर डीपीएस एकेडमी के मास्टर धैर्य डांगी,बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मास्टर करमनदीप सिंह,जिला शासकीय अधिवक्ता ब्रीट सिंह समाजसेवी हरविंदर सिंह चुघ,अरुण चुघ,प्रथम बिष्ट,राजीव त्यागी,लकी खरबन्दा, आशु अहमद और उदय रेसिडेंसी से सिद्धान्त त्यागी को सम्मानित किया गया । नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के महाधिवेशन की मेजबानी उधम सिंह नगर इकाई के सदस्यों द्वारा की गयी जिनमें मुख्य रूप से आयोजकों में जिलाध्यक्ष भूपेश छिमवाल,जिला महा सचिव सागर गाबा उपाध्यक्ष शादाब हुसैन कोषाध्यक्ष गिरधर सिंह रावत,नगर रुद्रपुर नगर अध्यक्ष तापस विश्वास जिला प्रचार मंत्री ब्रिज किशोर मण्डल दिनेशपुर नगर अध्यक्ष काजल राय रहे और मंच का संचालन रवि सरकार के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से अध्यक्ष त्रिलोक चन्द्र भट्ट, महासचिव सुनील मेहता, उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह और संदीप पाण्डेय प्रदेश सचिव गोपाल गुरूरानी और हरपाल सिंह प्रदेश संगठन मंत्री गिरीश बिष्ट और जगदीश उपाध्याय प्रदेश प्रचार मंत्री पुष्पेन्द्र राणा और हयात राम आर्य कोषाध्यक्ष शशि शर्मा एवं कार्यकारिणी सदस्य धन सिंह बिष्ट,सुनील शर्मा,जोध सिंह रावत, धर्मानन्द खोलिया, कैलाश चन्द्र भट्ट, अरुण कुमार मोगा, कुलदीप सिंह, राजकुमार केसरवानी उपस्थित रहे ।

## बच्चों को दी टेली लॉ की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आस्था जूनियर हाई स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में एडवोकेट अभिषेक गुप्ता द्वारा टेली लॉ की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बच्चों को समाज में हो रहे अन्याय और पिछड़े वर्ग



को आगे बढ़ाने के लिए टेली लॉ सरकार की एक योजना है। जिसमें गरीब से गरीब लोगों को मुफ्त में कानूनी जानकारी मिल सकती है। टेली– लॉ के पैनल लॉयर अभिषेक गुप्ता ने बच्चों को उनके कानूनी अधिकार के बारे में जानकारी दी और उन्हें अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहने को कहा।

## परिवहन मजदूर संघ की मीना शाखा अध्यक्ष और कुशल मंत्री निर्वाचित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ की स्थानीय शाखा का वार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ । जिसमे कुमारी मीना कोरंगा अध्यक्ष, भगवन्त मेहरा उपाध्यक्ष प्रथम, गिरधारी कुमार उपाध्यक्ष द्वितीय, कौशल कुमार मंत्री, स्योबीयर. रामलाल संयुक्त मंत्री प्रथम, कैलाश सिंह नेगी



संयुक्त मंत्री द्वितीय, गौरव शाह संगठन मंत्री, मनीएस चन्द जोशी संप्रेक्षक, बलवंत सिंह मेहता कार्यालय सचिव, मोहनराम कोषाध्यक्ष, मदनसिंह बिष्ट संरक्षक, के साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजेन्द्र प्रसाद, किशोर लाल, कुंदनलाल, अंकित पाण्डे, डीएन पाठक, समीउल्लाह व जीवन लाल सर्वसम्मति से चुने गए। इसके साथ चतुर सिंह व महेश जोशी क्षेत्रीय सदस्य चुने गए।

## महिला समूहों को दिये स्ट्रो रीपर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजना के अन्तर्गत महिला कलस्टर नारी शक्ति रूद्रपुर व उड़ान कलस्टर गदरपुर को स्ट्रो रीपर (भूसा बनाने की मशीन) दिये। जिलाधिकारी ने महिलाओं को बधाई देते हुये कहा कि अपना कार्य करने के साथ–साथ किराया भी कमा सकती है। मुख्य कृषि अधिकारी ने बताया कि



महिला कलस्टरों/किसानों को योजनान्तर्गत 80 प्रतिशत या अधिकतम दो लाख 80 हजार अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, प्रशिक्षु आईएएस अनामिका सिंह, पीडी हिमांशु जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा आदि उपस्थित थे।

## अपर निदेशक ने किया भेड़ प्रक्षेत्र का निरीक्षण

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पशुपालन विभाग के अपर निदेशक कुमाऊं डॉ.बीसी कर्नाटक ने राजकीय भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र शामा लीती का स्थलीय निरीक्षण किया गया। प्रक्षेत्र का



विस्तृत स्थलीय निरीक्षण, कार्यालय अभिलेखों, प्रक्षेत्र परिसर में निर्माणाधीन प्रयोगशाला का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया।उनके द्वारा पशुचिकित्साधिकारी, भेड़ प्रक्षेत्र तथा उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान सभी विभागीय अधिकारियों को पशुपालकों को पशुपालन क्षेत्र में बेहतर कार्य करने, पशुओं में आने वाली विभिन्न विमारियों और सरकार द्वारा पशुपालकों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ समय से पशुपालकों को देने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. रवींद्र चंद्रा, पशु चिकित्साधिकारी कपकोट, डा. राजेंद्र चंतोला,डॉ. कमल तिवारी, पशु चिकित्साधिकारी भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र शामा लीती डॉ. पूजा जोशी उपस्थित रहे।

## रुद्रपुर के उजाड़ें गये व्यापारियों को प्रशासन दुकान आवंटित करे: वर्मा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रान्तीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड की संचालन समिति ने रुद्रपुर के लोहिया मार्केट के उजाड़ें गये व्यापारियों को रोजगार मुहैया कराने के लिए दुकानें आवंटित कराये जाने की मांग को लेकर प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है। संयोजक मंडल के अध्यक्ष बाबूलाल



गुप्ता, वर्तमान अध्यक्ष नवीन वर्मा व श्री अनिल गोयल ने मुख्यमंत्री से एक पत्र के माध्यम से अनुरोध किया है कि 40 – 50 सालों से लोहिया मार्केट रुद्रपुर में अपना व्यवसाय करने वाले व्यापारियों को अन्यत्र दुकानें आवंटित कराने की मांग की है। निवर्तमान अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार को स्वरोजगार कर रहे अपने व्यापारियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उजाड़े गये व्यापारियों को पहले कहीं दुकाने आवंटित करनी चाहिए थी। लेकिन रातों–रात सैकड़ों व्यापारियों को उजाड़ कर उनका व्यवसाय समाप्त कर दिया गया। यह अत्यंत संवेदनशील मुद्दा है। हमारी प्रत्येक इकाई इस घटनाक्रम से बहुत आहत हैं। प्रदेश सरकार को इस मुद्दे को मानवीय दृष्टिकोण से देखते हुए व्यापारियों को पुनर्स्थापित करने की ओर कदम बढ़ाना चाहिए।

## साहू राठौर समाज ने मां कर्मा जयंती मनाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा उत्तराखंड द्वारा रूद्रपुर मे साहू राठौर समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि माँ कर्मा देवी की जयंती रम्पुरा मे धूम धाम से मनायी गई !साहू राठौर समाज के स्वजातिये बंधुओ ने माँ कर्मा जी के चित्र पर पुष्व अर्पित किये तथा उनकी जीवनी पर बक्ताओं ने प्रकाश डाला और आरती उतार कर परशाद बितरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय



तैलिक साहू राठौर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ललित राठौर पत्रकार ने की तथा संचालन दयानाथ गुप्ता ने किया !मुख्य अतिथि के रूप मे एस पी सिंह साहू ने समाज को सम्बोथित किया !इस अबसर पर लालू कुमार गुप्ता, मनोज कुमार गुप्ता, नुक्ता प्रशाद राठौर, शेर सिंह राठौर, डॉ जसवंत सिंह राठौर, मोहित राठौर, राजेंद्र राठौर, हरीश गुप्ता, छट्टू प्रशाद गुप्ता एबं अनुज अग्रवाल सहित समाज के लोग मौजूद थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला फांसी पर लटकी मिली

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामपुर रोड स्थित ग्राम मानपुर पश्चिम के एकता नगर में एक महिला के उसके घर में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार रामपुर रोड स्थित मानपुर पश्चिम एकता नगर निवासी गोविन्द नेगी की 35 वर्षीया पत्नी प्रेमा नेगी संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर फांसी के फंदे में लटकी हुई मिली। परिजनों ने कमरा खोला तो प्रेमा को फंदे से लटके हुए देख उनके होश उड़ गये। इसकी सूचना उसने परिजनों ने पुलिस को दी। बताया जाता है अपने चार वर्ष के पुत्र को सास के हवाले कर प्रेमा अपने कमरे में चली गई और दरवाजा भीतर से बंद कर दिया। काफी देर तक जब दरवाजा नहीं खुला तो ससुरालियों को शक हुआ। उन्होंने उसे कही आवाजें लगाई परंतु भीतर से कोई जवाब नहीं आया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर बहू की लाश रस्सी के सहारे लटक रही थी। परिजनों की सूचना पर टीपी नगर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर शव अपने कब्जे में लिया। पूछताछ में परिजन आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं कर सके। टीपीनगर चौकी प्रभारी पंकज जोशी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## किसानों का आंदोलन

संयुक्त किसान मोर्चा ने आंदोलन से वापस लौटते वक्त भी कहा था कि उसके लोग कुछ दिनों के लिए छुट्टी पर जा रहे हैं, समय-समय पर सरकार के वादों की समीक्षा करते रहेंगे और अगर सरकार का रुख सकारात्मक नजर नहीं आएगा, तो वे वापस आंदोलन पर उतरेंगे। एक बार फिर किसान अपनी मांगों की याद दिलाने दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचे। संयुक्त किसान मोर्चा ने महापंचायत की। उसके प्रतिनिधि कृषिमंत्री से मिले और उन्हें याद दिलाया कि जिन वादों के साथ किसान आंदोलन समाप्त हुआ था, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हो पाया है। अच्छी बात है कि इस बार न तो पुलिस ने उन्हें दिल्ली में घुसने और महापंचायत करने से रोका और न कृषिमंत्री ने उनसे मिलने से कन्नी काटी। मगर सरकार के रुख से किसान संतुष्ट नजर नहीं आए।उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी, तो वे एक बार फिर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उनकी पांच प्रमुख मांगों में न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून बनाना, बिजली दरों पर नीति बनाना, आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिजनों को मुआवजा देना, किसानों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेना और अजय मिश्र टेनी को बर्खास्त करना हैं। इनमें से कोई भी मांग सरकार के लिए सुविधाजनक नहीं है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून बनाने की मांग तो तीन विवादित कृषि कानूनों को रद्द करने की मांग के साथ ही जुड़ी हुई थी। अगर सरकार इसे लेकर गंभीर होती, तो तीन कानूनों को रद्द करने के साथ ही न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर गारंटी वाला कानून का प्रारूप भी अब तक बना चुकी होती।गृह राज्यमंत्री को बर्खास्त करने को लेकर सरकार कतई तैयार नहीं होगी। हालांकि आंदोलन समाप्त करने की अपील के साथ सरकार ने वादा किया था कि वह किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस ले लेगी, मगर साल भर से अधिक समय बीत जाने के बाद भी वह इस दिशा में आगे नहीं बढ़ पाई है। तब कुछ राज्य सरकारों ने अपने यहां दर्ज मुकदमों को वापस लेने का एलान भी कर दिया था। जहां तक मुआवजे की बात है, सरकार शुरू से कहती आ रही है कि मारे गए किसानों का वास्तविक आंकड़ा उसके पास नहीं है, इसलिए मुआवजे के बारे में कोई फैसला नहीं किया जा सकता। गृह राज्यमंत्री को बर्खास्त करने को लेकर वह कतई तैयार नहीं होगी। तमाम अदालती कड़ाइयों के बावजूद वह उन्हें बचाए हुई है, तो किसानों की यह मांग वह इतनी सहजता से मान लेगी, कहना मुश्किल है। दरअसल, साल से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी सरकार किसानों की मांगों पर चुप्पी साधे हुई है, इसलिए स्वाभाविक ही उनमें रोष है। वे ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। हालांकि संयुक्त किसान मोर्चा ने आंदोलन से वापस लौटते वक्त भी कहा था कि उसके लोग कुछ दिनों के लिए छुट्टी पर जा रहे हैं, समय-समय पर सरकार के वादों की समीक्षा करते रहेंगे और अगर सरकार का रुख सकारात्मक नजर नहीं आएगा, तो वे वापस आंदोलन पर उतरेंगे। सरकार ने शायद इसे गंभीरता से नहीं लिया। उसने न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए समिति बनाने का प्रस्ताव रखा था, मगर किसानों ने उसे ठुकरा दिया। उनका कहना है कि इससे संबंधित सुझाव और फार्मूला पहले ही कई विशेषज्ञ दे चुके हैं, इस पर नए सिरे से किसी प्रकार के विचार-विमर्श की जरूरत नहीं है। फिर जिस तरह सरकार समिति में अपने लोगों को शामिल कर अपने मुताबिक सुझाव दिलाने का प्रयास करती रही है, उससे भी किसानों को भरोसा नहीं हो पा रहा। आम चुनाव की घोषणा में बमुश्किल साल भर बचा है। अगर फिर से सरकार और किसानों के बीच तनातनी बढ़ी, तो उससे सरकार की ही मुश्किलें बढ़ सकती हैं। किसान दुबारा आंदोलन पर न उतरें, इसके लिए सरकार को व्यावहारिक रुख अपनाना होगा।

# लद्दाख सीमा पर स्थिति चिंताजनक

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति 'अत्यंत नाजुक' है।साथ ही कुछ इलाकों में भारत और चीन दोनों ही देशों के बीच सैनिकों की नजदीक तैनाती होने के कारण यह हालत 'बेहद खतरनाक' है।हालांकि जयशंकर ने यह भी दावा किया है कि कई क्षेत्रों में दोनों देशों के सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया में पर्याप्त प्रगति हुई है।उन्होंने यह भी कहा कि चीन के तत्कालीन विदेश मंत्री वांग यी के समय सितंबर 2020 में इस समस्या को लेकर एक सैद्धांतिक सहमति बनी थी कि इस मुद्दे को कैसे सुलझाया जाए,इसे चीन को अंजाम तक पहुंचाना है।अतएव इन समस्याओं का जब तक समाधान नहीं हो जाता तब तक दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन की सेनाएं पांच मई 2020 से लगभग आमने-सामने हैं। पैंगोंग झील में हिंसक झड़प के बाद से अब तक गतिरोध बना हुआ है।इसके बाद जून 2020 में गलवान घाटी में खूनी संघर्ष के बाद से परस्पर संबंध अत्यंत कटुतापूर्ण बने हुए हैं।सैन्य और कूटनीतिक वार्ताओं के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों ने 2021 में पैंगोंग झील के उत्तर और दक्षिण किनारे तथा गोगरा पोस्ट क्षेत्र में सैनिकों की एक हद तक पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी कर ली थी।यही नहीं 22 फरवरी 2023 को दोनों देशों ने बीजिंग में वार्ता की और पूर्वी लद्धाख में सीमा पर टकराव शेष स्थानों से पीछे हटने के प्रस्तावों पर श्खुले एवं रचनात्मकश माहौल में बात की।ऐसे में जयशंकर का यह बयान आना यह चिंता जताता है कि हालात कहीं फिर से बिगड़ने की हद पर तो नहीं पहुंच रहे? ऐसा इसलिए मुमकिन है, क्योंकि शी चिनफिंग तीसरी बार राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद चीन के सर्वशक्तिमान नेता बनाम तानाशाह हो गए हैं।इस कथित इस लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया में अकेले चिनफिंग ही उम्मीदवार थे,नतीजतन निर्विरोध निर्वाचित हो गए।चिनफिंग चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव पहले ही चुने जा चुके हैं, जो इस देश की राजव्यवस्था में सबसे ज्यादा शक्तिशाली पद है।इस निर्वाचन के बाद से ही चीनी आक्रामकता झेलने वाले देश भारत,अमेरिका, ताइवान, जापान और वियतनाम का चिंतित होना स्वाभाविक है।इसलिए जयशंकर के बयान को इस परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए।वैसे भी चीन का आचरण कुटिल और धूर्तता से भरा है। लद्दाख सीमा पर परस्पर मुकाबले के लिए दोनों देश मई-2020 से तत्पर हैं। भारतीय नेतृत्व की आक्रामकता और आत्मनिर्भरता की ठोस व निर्णायक रणनीति के चलते दोनों देशों के बीच हुए समझौते के तहत चीन सेना पीछे हटाने का वचन दे चुका था। लेकिन अब अपनी खोटी नियत के चलते वह वचन से मुकर रहा है। दोनों देशों की सेनाओं के पीछे हटने के समझौते के क्रम में भारत को एक इंच भी जमीन गंवानी नहीं पड़ी, यह बयान ग्रहमंत्री राजनाथ सिंह ने दिया था। इस समझौते में तीन शर्ते तय हुई थीं। पहली, दोनों देशों द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सम्मान किया जाएगा। दूसरा, कोई भी देश एलएसी की स्थिति को बदलने की इकतरफा कोशिश नहीं करेगा। तीसरा, दोनों देशों को संधि की सभी शर्तों को मानना बाध्यकारी होगा। दरअसल चीनी सेना ने पीपी-15, पीपी-17 ए, गलवान घाटी में पीपी-14 और पैंगोंग झील के उत्तरी क्षेत्र फिंगर-4 पर कब्जा जमा लिया था। यह भू-भाग भारत के अधिकार क्षेत्र फिंगर-8 से 8 किमी पश्चिम में है। समझौते के बाद भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय ने पैंगोंग झील क्षेत्र से सैनिकों की वापसी को लेकर साफ किया था कि श्भारतीय भू-भाग फिंगर-4 तक ही नहीं, बल्कि भारत के मानचित्र के अनुसार यह भू-भाग फिंगर-8 तक है। पूर्वी लद्दाख में राष्ट्रीय हितों और भूमि की रक्षा इसलिए संभव हो पाई थी, क्योंकि सरकार ने सेना को खुली छूट दे दी थी। सेना ने बीस जवान राष्ट्र की बलिवेदी पर न्यौछावर करके अपनी क्षमता, प्रतिबद्धता और भरोसा जताया था। दरअसल, भारत के मानचित्र में 43000 वर्ग किमी का वह भू-भाग भी शामिल है, जो 1962 से चीन के अवैध कब्जे में है। इसीलिए राजनाथ सिंह को संसद में कहना था कि भारतीय नजरिए से एलएसी फिंगर आठ तक है, जिसमें चीन के कब्जे वाला इलाका भी शामिल है। पैंगोंग झील के उत्तरी किनारे के दोनों तरफ स्थाई पोस्ट स्थापित हैं। भारत की तरफ फिंगर-3 के करीब धनसिंह थापा पोस्ट है और चीन की तरफ फिंगर-8 के निकट पूर्व दिशा में भी स्थाई पोस्ट स्थापित है। समझौते के तहत दोनों पक्ष अग्रिम मोर्चों पर सेनाओं की जो तैनाती मई-2020 में हुई थी, उससे पीछे हटेंगे, लेकिन स्थाई पोस्टों पर तैनाती बरकरार रहेगी। याद रहे भारत और चीन के बीच संबंध तब गहरा गए थे, जब गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच बिना हथियारों के खूनी संघर्ष छिड़ गया था। नतीजतन भारत के बीस वीर सैनिक शहीद हो गए थे। इस संघर्ष में चीन के करीब 45 सैनिक हताहत हुए थे। चीन से लगी पूरी वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना के लिए कुछ स्थान चिन्हित हैं। जहां भारत के सैनिक अपने नियंत्रण वाले क्षेत्र में गस्त कर सकते है। इन्हीं बिंदुओं को पेट्रोलियम पॉइंट अर्थात पीपी कहते है। हालांकि इन बिंदुओं के निर्धारण के संदर्भ में विडंबना है कि इन्हें तय करने का काम चीन का श्पॉइंट चाइना स्टडी ग्रुपश करता है। इसकी शुरुआत इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए 1976 में हुई थी। इस पूरी नियंत्रण रेखा पर 65 पीपी और कुछ अल्फा पॉइंट्स हैं, जो वास्तविक पेट्रोलिंग पॉइंट से कुछ आगे है। पीपी-17 और पीपी-17 के निकट भी एक अल्फा पाइंट है। देवसांग जैसे कुछ दुर्गम क्षेत्रों को छोड़कर सभी बिंदु एलएसी पर स्थित हैं। भारत-चीन सीमा के बीच आधिकारिक सीमांकन नहीं होने के कारण ये बिंदु सीमा निर्धारण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। हॉट स्प्रिंग्स और गोगरा पोस्ट क्षेत्र पूर्वी लद्दाख में एलएसी के गलवान में चांग चेनमो नदी के किनारे पर है। हॉट स्प्रिंग्स चांग चेनमो नदी के उत्तर में मौजूद है। गोगरा पोस्ट गलवान घाटी के दक्षिण पूर्व में स्थित है। यह पूरा क्षेत्र कराकोरम की पहाड़ियों के उत्तर में है, जो पैंगोंग झील के उत्तर की ओर गलवान घाटी के दक्षिण पूर्व में है। यहीं पर जून-2020 में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हिंसक झड़प हुई थी। अब समझौते की शर्तों से मुकरते हुए चीन दावा कर रहा है कि कोंगका दर्रा भारत चीन के बीच सीमा चिन्हित करने वाला मील का पत्थर है। जबकि भारत का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा यहां से पूरब की तरफ है, जिसमें अक्साई चिन क्षेत्र भी आता है। भारत और चीन के बीच अक्साई चिन को लेकर करीब 4000 किमी और सिक्किम को लेकर 220 किमी सीमाई विवाद है। तिब्बत और अरुणाचल में भी सीमाई हस्तक्षेप कर चीन विवाद खड़ा करता रहता है। 2015 में उत्तरी लद्दाख की भारतीय सीमा में घुसकर चीन के सैनिकों ने अपने तंबू गाढ़कर सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया था। तब दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों के बीच 5 दिन तक चली वार्ता के बाद चीनी सेना वापस लौटी थी। दरअसल 1960 में सीमा निर्धारण पर आधिकारिक बातचीत के दौरान चीन का कहना था कि सीमा रेखा का पश्चिमी क्षेत्र दो भागों में बंटा है और कोंगका दर्रा विभाजक बिंदु है। इस दर्रे का उत्तरी हिस्सा झिनझियांग और लद्दाख के बीच की सीमा रेखा है। इसी तरह दक्षिणी हिस्सा तिब्बत और लद्दाख के बीच की सीमा रेखा तय करता है।चीन इन विवादित स्थलों को अपने मानचित्र में भी प्रर्दशित करता रहता है। झिनझियांग और तिब्बत के बीच ही हॉट स्प्रिंग्स एवं गोगरा पोस्ट पेट्रोलिंग पाइंट मौजूद है, जहां से समझौते के बावजूद चीन ने अपनी सेना हटाने से दो टूक इंकार कर दिया है। चीन ने अपने मंसूबे को स्थायी रूप देने की लालसा में चिनफिंग ने संविधान में भी एक नई धारा जोड़ दी है, जिसमें चीन की सरकार और सेना के लिए यह जरूरी कर दिया है कि पड़ोसी देशों के कब्जे में मौजूद चीनी भूमियों को किसी भी तरीके से मुक्त कराकर चीन के भू-क्षेत्र में शामिल किया जाएगा।यह मनमानी भारत के लिए चिंता का बड़ा कारण है, क्योंकि चीन ने अपने नक्शे भारत के अनेक भू-भाग अपने कब्जे में अनाधिकृत रूप से जोड़ दिए हैं।

**प्रमोद भार्गव,लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**




# सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर जिले में आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। प्रदेश की वर्तमान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आगामी 23 मार्च से 30 मार्च तक एक साल नई मिसाल कार्यक्रम का आयोजन जनपद भर में किया जाएगा। जिसके अंतर्गत जनसेवा थीम पर जनपद भर में बहुउद्देशीय शिविरों एवं चिकित्सा



शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ष्एक साल नई मिसालष् कार्यक्रम का शुभारंभ आगामी 23 मार्च को जनपद स्तर पर जनपद मुख्यालय में स्थित रामलीला मैदान में पूर्वाहन 11 बजे से किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी रीना जोशी ने विकास भवन सभागार में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक ली। बैठक में निर्णय लिया गया कि रामलीला मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा पूर्वाहन 11 बजे से दीप प्रज्वलित किया जाएगा। इसके बाद विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक दलों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा लोक निर्माण विभाग को टेण्ट व कुर्सी, जल संस्थान को पेयजल, नगर पालिका पिथौरागढ़ को सफाई व्यवस्था आदि की जिम्मेदारी देते हुए व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गये। वही विकास से जुड़े विभिन्न विभागों को रामलीला मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में स्टॉल लगाने की सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गये। जनसेवा थीम के अंतर्गत जनपद के विकासखंड स्तर पर भी बहुउद्देशीय शिविर व चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया है तथा शिविरों का आयोजन सफलतापूर्वक करवाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एचएस हयांकी, उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी योगेश भारद्वाज, मुख्य कृषि अधिकारी रितु टम्टा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# नुमाईशखेत मैदान में आयोजित होंगे भव्य कार्यक्रम विभागीय स्टॉल लगाकर दी जाएगी जानकारी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर 23 मार्च को जनपद मुख्यालय नुमाईशखेत मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में बहुउद्देशीय शिविर के साथ ही विकासपरक विभागीय स्टॉल लगाये जाएंगे तथा स्वास्थ शिविर, आधार शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा व विकास पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा, एक साल नई मिसाल कार्यक्रम अंतर्गत जन सेवा थीम पर बहुउद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन 23 मार्च को किया जाएगा। कार्यक्रम में जनपद प्रभारी मंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही गणमान्य व्यक्ति प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम को सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सजीव प्रसारण के माध्यम से संबोधित करेंगे। कार्यक्रम प्रात: 11 बजे से आयोजित होगा।कार्यक्रम को भव्य बनाने व रूपरेखा तय करने हेतु अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल एवं मुख्य विकास अधिकारी संजय सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित हुई, जिसमें तय किया गया कि एक साल नई मिसाल कार्यक्रम नुमाईशखेत मेंआयोजित होगा। कार्यक्रम में समाज कल्याण, उद्यान, कृषि, पर्यटन, बाल विकास, उद्योग व ग्राम्य विकास विभागों द्वारा अपने-अपने लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए लाया जाएगा। सभी विभागों द्वारा विकासपरक स्टॉल लगायें जाएंगे। मंच के साथ ही साउंड, बैठने की व्यवस्था, एलईडी व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की जाएगी। पेयजल व्यवस्था जल संस्थान, जलपान व्यवस्था जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जिम्मा शिक्षा व सूचना विभाग के पास रहेगा। सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जन सेवा थीम पर 24 मार्च से 30 मार्च तक प्रत्येक विधानसभा/ब्लॉक स्तर पर भी बहुउद्देशीय शिविरों व चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कपकोट ब्लॉक में 25 मार्च, गरूड ब्लॉक में 27 व काण्डा में 29 मार्च को बहुउद्देशीय शिविर व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा,बैठक मे जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, उपजिलाधिकारी हरगिरि, राजकुमार पांडे, मोनिका, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. डीपी जोशी, मुख्य शिक्षाअधिकारी जीएस सौन, जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, समाज कल्याण अधिकारी हेम तिवारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी दिनेश रावत, समेत अनेक अधिकारी मौजूद थे।



# कच्ची शराब समेत एक गिरफ्तार हजारों लीटर लहन नष्ट किया

काशीपुर(उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देश पर नशे के खिलाफ जिले भर में चलाए गए अभियान के क्रम में काशीपुर पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के एक ठिकाने पर दबिश देकर हजारों लीटर लहन नष्ट करते हुए मौके से एक कारोबारी को दबोच कर उसके कब्जे से 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए शराब बनाने के उपकरण भी कब्जे में लिए। पुलिस की इस कार्रवाई से कच्ची शराब के कारोबारियों में हड़कंप देखा गया। जानकारी के मुताबिक कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को लंबे समय से जगतपुर के जंगल में कतिपय लोगों द्वारा अवैध कच्ची शराब बनाए जाने की सूचना मिल रही थी। इसी सूचना पर हरकत में आई पुलिस टीम ने बताए स्थान की घेराबंदी कर मौके से ब्रह्म नगर ढकिया कुंडेश्वरी निवासी विनोद कुमार पुत्र ओमप्रकाश को दबोच कर उसके कब्जे से 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने हजारों लीटर लहन नष्ट करते हुए मौके से शराब बनाने के उपकरण ड्रम मिट्टी की हांडी प्लास्टिक पाइप एलमुनियम पाइप डिब्बा आदि कब्जे में लेते हुए गिरफ्तार शराब कारोबारी से जरूरी जानकारी जुटाने के बाद उसका धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया।

# सभी ग्राम पंचायतों को कूड़ा निस्तारण की सुविधा व संसाधन उपलब्ध कराकर रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें

नैनीताल। हाई कोर्ट ने प्लास्टिक निर्मित कचरे पर प्रतिबंध लगाए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने सचिव पंचायती राज को आदेश दिए कि सभी ग्राम पंचायतों को कूड़ा निस्तारण की सुविधा व संसाधन उपलब्ध कराकर रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें। राज्य सरकार शहरी निकायों में टीम बनाकर हर माह पांच पर निरीक्षण कर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाए। टीम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पुलिस, शहरी विकास व जिला प्रशासन के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कोर्ट ने केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों के तहत पांच हजार से दो करोड़ का जुर्माना लगाने संबंधी प्रविधान के अनुपालन की रिपोर्ट भी मांगी है। साथ ही ग्रामीण इलाकों में कूड़ा निस्तारण के लिए आवंटित भूमि पर जिन लोगों ने अतिक्रमण किया है, उसमें अलग से शपथपत्र पेश करने को कहा है। अगली सुनवाई 19 मई को होगी। सोमवार को मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान सचिव शहरी विकास, सचिव पंचायतीराज, सचिव वन एवं पर्यावरण तथा निदेशक शहरी विकास कोर्ट में पेश हुए। सचिव नितेश झा, वन सचिव विजय कुमार यादव, पीसीबी सदस्य सचिव सुशांत पटनायक, सचिव दीपेंद्र चौधरी आदि ने बताया कि कोर्ट के आदेशों का पालन किया जा रहा है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में कूड़ा निस्तारण के लिए आवंटित भूमि पर अतिक्रमण है। गांवों मे कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था उपलब्ध नही है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से बताया गया कि मसूरी और नैनीताल को पूरे प्रदेश में सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाया जाएगा। दोनों शहरों को माडल के रूप में तैयार किया जाएगा। ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता अभियान के लिए फंड दिया गया है। 15वें वित्त आयोग से भी बजट दिया गया है। वन विभाग की ओर से बताया गया कि प्रदेश की करीब 12 हजार वन पंचायतों में से करीब दस हजार का रिकार्ड उपलब्ध हो चुका है जबकि शेष के अभिलेख के लिए अभिलेखागार तथा उत्तर प्रदेश राजस्व बोर्ड से संपर्क किया जाएगा। एक हजार से अधिक वन पंचायतों की खसरा खतौनी उपलब्ध नहीं हो सकी है। कोर्ट ने कहा कि अगली हर सुनवाई में स्टेट लेबल मानिनटरिंग कमेटी के जिम्मेदार अधिकारी व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में मौजूद रहेंगे। कोर्ट ने प्लास्टिक वेस्ट इकाईयों का भी ब्यौरा तलब किया है। साथ ही प्लास्टिक निर्माता, उत्पादक तथा वितरकों पर जुर्माना लगाने को कहा है। अल्मोड़ा हवालबाग निवासी जितेंद्र यादव ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि राज्य सरकार ने 2013 में बने प्लास्टिक उपयोग व उसके निस्तारण करने के लिए नियमावली बनाई, लेकिन इन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है।

## पेज एक का शेष...

**भाजपा के जनप्रतिनिधायों ..**नजूल भूमि पर बसे हुए हैं उन्हें कब उजाडने का सरकारी आदेश आ जाये कोई पता नहीं । तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा लाई गई नजूल भूमि नीति को यदि लागू कर दिया जाता तो आज मलिन बस्ती के हजारों परिवारों को उनकी जमीन पर मालिकाना हक मिल जाता। श्री बेहड़ ने कहा कि वह व्यापारियों को उजाड़ने व उनके पुर्नवास का मुद्दा विधानसभा के आगामी सत्र में जोरदार ढंग से उठायेंगें । जब तक विधानसभा अध्यक्ष व स्पीकर उन्हें पूर्ण विश्वास नहीं दिलायेंगे वह लाबी में ही बैठे रहेंगे। भाजपा सरकार गरीबों को वोट लेना जानती है उनका हक देना देना नहीं। भाजपा की करनी और कथनी में बहुत अंतर है। श्री बेहड़ ने कहा कि यदि प्रशासन ने व्यापारियों के पुर्नवास की स्थाई व्यवस्था नहीं की तो मई माह में विश्राम के बाद वह डीएम कार्यालय के समक्ष बेमियादी धरना शुरू कर देंगे। उन्होंने आम जनता से भी अपील करते हुए कहा कि अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने को आगे आयें। वह हमेशा की तरह उनके साथ हैं।

**धामी सरकार का बजट...**मेडिकल कॉलज तथा नर्सिंग कॉलेज के निर्माण हेतु रू० 400 करोड़, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के लिए 772 करोड़ शामिल है। गांवों की तस्वीर बदलने के लिए ग्रांभ्य विभाग के लिए 3272 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। पेयजल, आवास, नगर विकास के लिए 2525 करोड़ रुपए द्य जिसमे स्मार्ट सिटी से जुड़ी आधारभूत व सामाजिक योजनाओं के लिए लगभग 351 करोड़ रुपए, पीएम आवास योजना के लिए 319 करोड़ रुपए, स्वच्छ भारत अभियानों के तहत होने वाली योजनाओं के लिए 227 करोड़ रुपए, मलिन बस्तियों के पुनर्वास के लिए 25 करोड़ समेत अनेक योजनाएँ शामिल हैं ।लोक निर्माण विभाग के लिए 2791 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कृषि के लिए 1294 करोड़ रुपए जिसमें 50 हजार पॉली हाउस बनाने, कीवी ड्रैगन फ्रूट को बढ़ावा देना, स्टेट मिलट योजना से मोटे अनाज को प्रोत्साहन देना, 6 एरोमा वैली बनाना, मिशन एपल योजना, नाबार्ड सहायतित योजना के लिए 200 करोड़ रुपए दिये गये हैं। बजट में आपदा पीडितों की विशेष चिंता करते हुए एक हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है । जिससे जोशीमठ सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं में लोगों को त्वरित राहत पहुंचाई जाएगी। वहीं, आपदा प्रभावितों को छह माह तक किराये के भवनों में रहने के लिए चार हजार की जगह पांच हजार प्रतिमाह देने और सहकारी बैंकों की ऋण वसूली पर एक साल तक रोक लगाने की बात कही गयी है। इससे पूर्व केंद्र से भी आपदा पैकेज अपेक्षित किया गया है । उद्योग विभाग के लिए रू० 461.31 करोड़ का प्रावधान जिसमे वर्क फोर्स डेवलेपमेंट हेतु 100 करोड़, प्रमोशन ऑफ इंवेस्टमेंट स्टार्ट अप और इंटेरप्रीनियरशिप योजना हेतु रू० 30 करोड़ का प्रावधान किया गया है। पर्यटन विभाग के लिए हुए 302.04 करोड़ के प्रावधान के लिए उत्तराखण्ड राज्य पर्यटन विकास परिषद हेतु 63.00 करोड़, पर्यटन विकास अवस्थापना निर्माण हेतु रू. 60,00 करोड़, टिहरी झील में विकास निर्माण हेतु 15.00 करोड़, चार धाम यात्रा / मार्गों पर आधारभूत सुविधाओं का निर्माण/ विकास हेतु प्रावधान किया गया है, पर्यटन विभाग अन्तर्गत चारधाम एवं विभिन्न स्थानों हेतु भूमि क्रय हेतु रू. 50 करोड़ का प्रावधान है। शहरों से लेकर गांवों तक के लिए बजट में प्रावधान है। ऋषिकेश हरिद्वार, रुड़की, हल्द्वानी, भगवानपुर, अल्मोड़ा के लिए मास्टर ड्रेनेज प्लान, इसके साथ ही 12 नगर निकायों को 10-10 करोड़ रुपए, एवं बद्रीनाथ केदारनाथ गंगोत्री अनिर्वाचित निकायों के लिए दो-दो करोड़ रुपए । जिला पंचायतों को 245, क्षेत्र पंचायतों को 114, ग्राम पंचायतों को 294 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल भी मौजूद थे।

**हाईकोर्ट की पंजाब...**लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगा दिया। पुलिस ने सोमवार को हरजीत सिंह और ड्राइवर हरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया था। हरजीत को विमान से असम के डिब्रूगढ़ केंद्रीय जेल भेजा गया। एक दिन पहले अमृतपाल के चार सहयोगी भी वहीं भेजे गए थे। पंजाब सरकार ने कहा कि तरनतारन, फिरोजपुर, मोगा, संगरूर अमृतसर के कुछ इलाकों में सुरक्षा के मद्देनजर सभी मोबाइल इंटरनेट सेवाएं, सभी एसएमएस सेवाएं (बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज को छोड़कर) और मोबाइल नेटवर्क पर प्रदान की जाने वाली सभी डोंगल सेवाएं, वॉयस कॉल को छोड़कर 23 मार्च दोपहर 12 बजे बंद रहेंगी। इसके अलावा कुछ शहरों में मंगलवार दोपहर 12 बजे से इंटरनेट सेवाएं चालू कर दी जाएंगी। अमृतपाल के 114 सहयोगियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनके खिलाफ विभिन्न थानों में छह केस दर्ज किए गए हैं। आरोपियों से पुलिस ने नौ राइफल, एक रिवाल्वर और 430 कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा मर्सिडीज सहित चार वाहन जब्त किए गए हैं।

**अज्ञात कारणों से ...** और अंदर का नजारा देख कर लोगों के होश उड़ गए। कमरे के भीतर तनुजा का शव उसी के दुपट्टे के सहारे पंखे से लटक रहा था। पिता हरीश का कहना है कि घर में सब कुछ सामान्य था और तनुजा ने ऐसा क्यों किया, पता नहीं। बीती 17 मार्च को उसका विज्ञान का पेपर था और 21 मार्च को उसका गणित का पेपर होना था। केंद्रीय विद्यालय में दसवीं की छात्रा तनुजा जान देने से पहले पूरे दिन गणित के सवाल हल करने में जुटी थी। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

**कल रूद्रपुर में धरने...**नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में कल बुधवार को प्रात: 11 बजे से भगत सिंह चौक रूद्रपुर में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में कार्यकर्ता धरने पर बैठेंगे। धरना प्रदर्शन में उजाड़े गये व्यापारियों को पुनर्वासित किये जाने और नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच की मांग की जायेगी। श्री गावा ने कार्यकर्ताओं से धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# शराब प्रति बोतल 100 रुपये से 300 रुपये तक सस्ती होगी

देहरादून। प्रदेश में शराब की तस्करी रोकने के लिए सरकार ने शराब की कीमतें घटाने का निर्णय लिया है। इस कड़ी में शराब प्रति बोतल 100 रुपये से 300 रुपये तक सस्ती होगी। सरकार ने शराब पर गोवंश संरक्षण, महिला कल्याण और खेलकूद के प्रोत्साहन को प्रत्येक विषय के लिए एक रुपये के हिसाब से प्रति बोतल तीन रुपये सेस लगाने का भी निर्णय लिया है। देशी शराब में मिलावट रोकने के लिए इसे कांच की बोतल के स्थान पर ट्रेटा पैक में बेचने का निर्णय लिया गया है। राज्य में शराब से मिलने वाले राजस्व को इस वर्ष बढ़ाकर 4000 करोड़ रुपये रखा गया है। गत वर्ष यह लक्ष्य 3600 करोड़ रुपये था। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में तीन बिंदुओं पर चर्चा हुई। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू ने बताया कि बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 की नई आबकारी नीति, एकल आवासीय भवन योजना में संशोधन और गौला व नंधौर समेत अन्य स्थानों पर संचालित हो रहे व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस फीस पुरानी दरों पर ही रखने के शासनादेश को कैबिनेट के समक्ष रखा गया। तीनों विषयों पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी। प्रदेश की नई आबकारी नीति में कई नए प्रविधान किए गए हैं। शराब के ब्रांड की कीमतों पर उत्तर प्रदेश के मुकाबले 20 रुपये से अधिक का अंतर नहीं रहेगा। इससे शराब की तस्करी पर अंकुश लग सकेगा। आबकारी सचिव हरिचंद्र सेमवाल ने बताया कि पूर्व में जो भी लाइसेंस धारक शराब की दुकानों का संचालन कर रहे थे, उनमें विदेशी शराब की दुकान वाले लाइसेंस धारक 10 प्रतिशत और विदेशी शराब की दुकान वाले लाइसेंस धारक 15 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क देकर इन दुकानों का फिर संचालन कर सकेंगे। शराब के सस्ते से लेकर महंगे ब्रांड की कीमतों को कम किया गया है। सामान्य रूप से अधिक बिकने वाले ब्रांड की कीमतों में 100 रुपये से लेकर डेढ़ सौ और महंगे ब्रांड की कीमतों में 300 रुपये प्रति बोतल तक की कमी आएगी। इनमें विदेशों से आयात होने वाली शराब भी शामिल है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रूद्रपुर के व्यापारियों को उजाड़े जाने के खिलाफ सीएम को भेजा ज्ञापन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार के उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल के नेतृत्व में सितारगंज एवं नानकमत्ता के पदाधिकारियों ने रुद्रपुर में बिना पुनर्वास की व्यवस्था किए व्यापारियों को उजाड़ने जाने से व्यापारियों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए तहसीलदार एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न



किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। सभी व्यापारी उजाड़ें गये व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। व्यापारियों के रुद्रपुर में उजाड़ गए व्यापारियों की पुनर्वास की व्यवस्था शासन शीघ्र से शीघ्र करने की मांग भी की। ज्ञापन देने वालों में सितारगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता, भीमसेन गर्ग, मूलचंद अग्रवाल तथा नानकमत्ता व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल , मनीष किनरा, दीपेंद्र सिंघल असलम चौधरी, महामंत्री गुरनाम सिंह, कोषाध्यक्ष मन्नू चौहान आदि वयपारी मौजूद थे।

# कांग्रेस ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

बागेश्वर (उद संवाददाता) ।कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी के आवास पर दिल्ली पुलिस को भेजे जाने पर जिला कांग्रेस इकाई ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के पुतले का दहन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर ही राहुल गांधी के आवास पर पुलिस गई है। जिसकी कांग्रेस कड़े शब्दों में निंदा करती है। राहुल गांधी का सम्मान सभी कांग्रेसजनों का सम्मान है, राहुल गांधी सच्चे देशभक्त है, केंद्र सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर विभिन्न विभिन्न एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है,देश मे महंगाई भृस्टाचार चरम पर है,गरीब वेरोजगारी की मार झेल रहे है,राहुल सच्चे देशभक्तऔर गांधीवादी है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एआईसीसी सदस्य और पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने कहा कि 15 लाख हर खाते



का झूठा दावा,दो हजार के नोट भी आज बाजार से गायब होने लगे है अब क्यों नही हो रही नोटबंदी,केवल बातूनी तरीके से लोगों को गुमराह करने का काम केंद्र सरकार कर रही है,वही रसोई गैस को लेकर पूर्व में कांग्रेस को कोसने वाली भाजपा सरकार के राज में गैस के दामों में तीन गुना बढ़ोत्तरी से सिलिंडर भी दूर होने लगा है, इसके लिए जिम्मेदार केंद्र सरकार महंगाई कम करने में नाकाम हो गई है,इस मौके पर जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, राजेंद्र टंगड़िया, व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी,रंजीत दास, सुनील भंडारी, लक्ष्मी धर्मशक्तू,गीता रावल, सुनील भंडारी, किशन सुरेश सिंह, सुनील पांडे,रमेश दानू, आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने व्यापारियों को किया गुमराह: मीना


रूद्रपुर (उद संवाददाता) ।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने भाजपा जनप्रतिनिधियों पर आरोप लगाया है कि उनके संज्ञान में होने के बावजूद उन्होंने व्यापारियों को गुमराह किया और उन्हें नेस्तनाबूद करने में प्रशासन की मदद की। श्रीमती शर्मा ने विधायक शिव अरोरा और मेयर रामपाल सिंह पर आरोप लगाया कि उन्होंने जी-20 की आड़ में इन




व्यापारियों को उजाड़ने का काम किया है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि जब रुद्रपुर के बाहर बाईपास रिंग रोड का निर्माण हो रहा है तो नैनीताल दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग और काशीपुर बाईपास पर बैठे व्यापारियों को उजाड़े जाने की क्या आवश्यकता थी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि अब इन व्यापारियों को पुनर्वासित करने की आवश्यकता है। जिसके लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हम सभी को प्रयास करने होंगे। श्रीमती शर्मा ने कहा कि सिब्बल सिनेमा के सामने और जल संस्थान कार्यालय के बगल में एक बड़ा भूखंड खाली है जिसमें इन सभी व्यापारियों को समायोजित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त झील के सामने शिवनगर मोड़ के पश्चिम तरफ एक भूखंड खाली है जिस पर भी इन व्यापारियों को जगह दी जा सकती है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि इंडेन गैस सर्विस गोदाम के पास भी बड़ा भूखंड खाली है जिस पर भी मार्केट कॉम्प्लेक्स बनाकर इन सभी व्यापारियों को दुकानें आवंटित की जा सकती है। पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती शर्मा ने कहा कि इन सभी व्यापारियों को पुनर्वासित करके इनकी मदद की जा सकती है।

# सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर के अमरिया मार्ग पर ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर दो चचेरे-तहेरे किशोर भाईयों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य





किशोर घायल हो गए। एक ही परिवार के दो किशोरों की मौत से परिजन मातम में डूब गए। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिए। परिजनों ने दोनों की अंत्येष्टि कर दी। किशोरों की अंतिम यात्रा में ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। रविवार देर शाम मंडी गेट के पास ट्रैक्टर ट्राली ने स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। इससे थारू गोरीखेड़ा गांव के शांतनु (13) पुत्र सुरजीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल मानव (12) पुत्र कुलदीप सिंह को हल्द्वानी ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान सोमवार को उसकी भी मौत हो गई। ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से हर्ष राणा (14) और पीयूष राणा (15) भी घायल हो गए। शांतनु शांतिकुंज हरिद्वार में कक्षा सातवीं का जबकि मानव नगर के शैली स्कूल में कक्षा छह में अध्ययनरत था। शांतनु का मानव तहेरा भाई था। शांतनु दो भाइयों में बड़ा था। मानव की एक बड़ी बहन है। शांतनु की मां सुनीता और मानव की मां सविता बेटों की मौत की खबर से बेसुध हो गई हैं। दोनों की गांव के ही मुक्तिधाम में अंत्येष्टि कर दी गई। एक ही गांव के दो चचेरें- तहेरे भाइयों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एसएसआई विनोद फर्त्याल ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली और क्षतिग्रस्त स्कूटी को कब्जे में ले लिया गया है। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

# आजादी के शहीदों को किया गया याद

रामनगर (उद संवाददाता)। देश की आजादी के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदो को आज एम पी इंटर कालेज में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से याद किया गया। रचनात्मक शिक्षक मंडल की पहल पर एक सप्ताह तक चलने वाले भगतसिंह शहादत दिवस सप्ताह के तहत यह कार्यक्रम हुए। शुरुआत भगतसिंह के चित्र पर माल्यार्पण से हुई फिर 1857 के विद्रोह का अजीमुल्ला खां द्वारा लिखित प्रयाण गीत हम हैं इसके मालिक,सरफरोशी की तमन्ना व मेरा रंग दे बसंती चोला सामूहिक रूप से गाया गया।कार्यक्रम संयोजक नवेंदु मठपाल ने भगतसिंह के विचार,जीवन व कार्यों से प्रेरणा लेने की बात कही।उन्होंने कहा 23 साल की उम्र में हंसते हंसते फांसी का फंदा चूम लेने वाले भगतसिंह,राजगुरु,सुखदेव आज भी भारतीय समाज के सच्चे नायक हैंअंजली रावत,खुशी सत्यवली ,वंश



सती,महक पपने,रेबिका,सार्थक नैथानी,गुंजन,जतिन चंद्र, भगतसिंह के लेखों,पत्रों का वाचन किया।प्रतिभागी बच्चों द्वारा भगतसिंह का पोस्टर भी बनाया गया।डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से बच्चों को आजादी के आंदोलन के विभिन्न पहलूओं के बारे में बताया गया।प्रधानाचार्य डा संजीव शर्मा द्वारा सभी प्रतिभागियों को पुरुस्कृत भी किया गया।इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक नवेंदु मठपाल,शिक्षक गौरव शर्मा ,जफर अली, हरीश बिष्ट, खिलपा,हंसी चिमवाल मौजूद रहे।

# साइकिल से यात्रा कर पर्यावरण संतुलन का संदेश दे रहे चंद्रमणि

बागेश्वर (उद संवाददाता)। पर्यावरण संरक्षण को लेकर बनारस निवासी चंद्रमणि पर्यावरण बचाने का संदेश लेकर साइकिल यात्रा पर निकले हैं। वे लगातार कई राज्यो की साइकिल यात्रा कर देवभूमि पहुँचे है, रविवार की देर सायं बागेश्वर पहुंचे व गुरुद्वारे पर रात्रि विश्राम के बाद सोमेश्वर को रवाना हो गए हैं। उनकी यह यात्रा गंगोत्री में समाप्त होगी तथा बरसात के बाद फिर से साइकिल यात्रा पर निकल जाएंगे।बनारस निवासी 46 वर्षीय चंद्रमणि रविवार की सायं बागेश्वर पहुंचे व लोगों से पर्यावरण बचाने की अपील की। सोमवार को वे साइकिल यात्रा से सोमेश्वर को निकल चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनका मुख्य आय का साधन खेती है, जिसे परिवार के लोग करते हैं। बताया कि एक दिन में वे 20 किमी की यात्रा करते हैं। गत वर्षों में वे जम्मू,



हिमांचल समेत साउथ राज्यों में साइकिल से यात्रा करके कई लोगों से मिल चुके हैं। इस चरण की यात्रा उन्होंने 12 नवंबर को प्रारंभ की तथा इस यात्रा में टनकपुर, पिथौरागढ़ होते हुए बागेश्वर जनपद की यात्रा हो चुकी है। सोमवार को वाया गिरेछीना होते हुए सोमेश्वर को रवाना हुए तथा रात्रि विश्राम सोमेश्वर में करने के बाद ग्वालदम को रवाना होंगे। 15 जून तक वे बद्रीनाथ, हेमकुंड, केदारनाथ समेत यमुनोत्री व गंगोत्री की यात्रा करके वापस अपने घर पहुंच जाएंगे तथा बरसात के बाद दोबारा यात्रा में निकलेंगे।

# प्रशिक्षणार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

गदरपुर(उद संवाददाता)।उप शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने हेतु ष्सपोर्ट टू प्राइमरी ष्कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों का सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सीआरसी बड़ा खेड़ा में संपन्न हुआ स गदरपुर विकासखंड से शामिल 61 आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत पोस्ट टेस्ट फीडबैक लिखित परीक्षा भी दी। इस दौरान बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान एवं स्वास्थ्य के अलावा खेलों पर आधारित विशेष प्रशिक्षण दिया गया स जिसमें मास्टर ट्रेनर प्रेमा जोशी, ममता रानी ,व सुपरवाइजर प्रियंका द्वारा प्रशिक्षण देने मैं पूर्ण सहयोग किया गया तथा सहयोगी के रुप में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य प्रियम भारद्वाज, एम ए जमाल शामिल रहे। वही उप शिक्षा अधिकारी भास्करानंद के निर्देशन में सपोर्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीआरसी बड़ा खेड़ा के समन्वयक मोहनलाल



सीआरसी के सहायक अध्यापक अमरजीत बजाज, मृदुल कुमार,अंकुर अरोरा के अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ती अनीता रावत, लक्ष्मी जलाल,हरभजन कौर,उषा रानी, हरजिंदर कौर ,परमजीत कौर, भारती साहू, कांता, ललिता,अंजू शर्मा, मिथलेश, पुष्पा रावत,सोनी शर्मा, राधा रानी, राधा चंद,सुनीता रानी, कमलेश, राखी, गंगा देवी, संतोष, ईशा,गीता बनर्जी, कैलाश देवी,प्रीति बिष्ट, पुष्पा कार्की, नंदी धामी, प्रेमवती, कमलेश, कविता, उषा राय, नमिता मंडल शेफाली ललिता किरण एवं सुमन सहित विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यकर्तियां शामिल थी।

# कार्यशाला में विद्यार्थियों को दीं महत्वपूर्ण जानकारियां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उत्तराखंड स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सौजन्य से साइंस पोपुलरिसेशन सैल द्वारा सेंटर फॉर




तराई रिसर्च एजुकेशन एंड डेवलपमेंट के साथ सक्सेसफुल इंटरप्रिनिनियर्स शेयरिंग एक्सपीरियंस एंड नॉलेज विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केके पाण्डे के साथ गणमान्य अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में विज्ञान लोकप्रिय करण समिति के समन्वयक डॉ. भारत पांडे ने साइंटिफिक पेपर राइटिंग एवं वॉटर क्वालिटी टेक्निक और समिति के द्वारा की गई प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिला रोजगार कार्यालय के अधिकारी डॉ. आरके पंत ने प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र के बारे में सविस्तार चर्चा की और और सरकारी योजनाओं एवं उनके द्वारा दी जाने वाली लोन एवं सब्सिडी पर जानकारी दी।एससी कांडपाल डायरेक्टर एमएसएमई, हल्द्वानी द्वारा कॉलेजों में इनोवेशन एवं स्टार्टअप सेंटर बनाने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने उद्यम रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया एवं लाभों से अवगत कराया। संजीव भटनागर द्वारा उद्यमिता की पढ़ाई करने एवं जूट व ऐपण उद्योग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। आईडियल एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड की संस्थापक दीप्ति अरोरा द्वारा पोली हाउस मैन्युफैक्चरिंग पर अपने कार्यों द्वारा उपलब्धियों पर चर्चा की गई। सत्यदेव इंडस्ट्री के संस्थापक नितेश गुप्ता ने ऊर्जा के क्षेत्र में रोजगार हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। श्रीमती एकता दंडोना ने वेस्ट मैटेरियल से आर्ट एंड क्राफ्ट से संबंधित बिजनेस के बारे में बताया। नीरज जोशी ने अपने जीवन मे सफल होने, अपना लक्ष्य पाने और स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर कमला भारद्वाज द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यशाला के समन्वयक डॉक्टर चंद्रपाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। अंत में विज्ञान लोकप्रियकरण समिति के सदस्य डॉ. रवीश त्रिपाठी ने प्राचार्य प्रो० पांडे एवं समस्त आमंत्रित अतिथियों एवं वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. सर्वजीत सिंह, डॉक्टर मनोज पांडे, डॉक्टर कमला बोरा, डॉ. एके पालीवाल, डॉक्टर पीपी त्रिपाठी, डॉक्टर मुन्नी जोशी, डॉ. पूरन चंद्र सुयाल, चन्द्र शेखर ओली एवं छात्र संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# छात्राओं ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। इंदिरा प्रियदर्शनी राजकीय स्नातकोत्तर वाणिज्य महाविद्यालय में नमामि गंगे एवं अर्थ गंगा के तहत छात्राओं द्वारा गांव में जाकर वहां के नागरिकों को एकत्र करके स्वच्छता एवं जल संरक्षण से संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक की थीम के अंतर्गत जल को बचाने एवं नदी नालों को साफ रखने



और अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने की जानकारी शामिल थी। छात्राओं द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि जल संरक्षण आज की प्रमुख आवश्यकता हो गई है। खेती में सिंचाई के लिए यदि संचय कर रखा जाए तो यह बेहतर ही सकता है। इससे जमीन में नमी भी बनी रहती है जो कृषि के लिए लाभदायक होती है। कार्यक्रम में नमामि गंगे छात्राएं की छात्राएं , ग्रामीण जनता एवं नमामि गंगे टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे।